'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 237 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 12 नवंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

हरियाणा विधानसभा : कार्य सलाहकार समिति का निर्णय

## 25 अक्तूबर से शुरू हुआ 15वीं विधानसभा का प्रथम सत्र 18 नवंबर तक चलेगा

### विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने हरियाणा, पंजाब, यूटी चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक

### सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, आवश्यक दिशा-निर्देश के बाद विधान सभा परिसर का किया मुआयना



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** 25 अक्तूबर से शुरू हुआ 15वीं हरियाणा विधान सभा का प्रथम सत्र 18 नवंबर तक चलेगा। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कार्य सलाहकार समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह, संसदीय कार्य मंत्री महीपाल ढांडा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, विस उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, विधायक सावित्री जिंदल, गीता भुक्कल और अर्जुन चौटाला शामिल रहे।

सत्र की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए विस अध्यक्ष ने हरियाणा, पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों के साथ भी बैठक की। इस दौरान सुरक्षा प्रबंधों को लेकर अनेक दिशानिर्देश दिए गए। बैठक के बाद विस अध्यक्ष ने विधान सभा परिसर का मुआयना भी किया। सुरक्षा प्रबंधों को लेकर आयोजित बैठक में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विधान सभा सत्र संसदीय लोकतंत्र का पर्व है। इसकी प्रत्येक व्यवस्था नियमों के अनुसार पूरी तरह कर्तव्यनिष्ठा के साथ की जानी चाहिए। सत्र की कार्यवाही में भाग लेने वाले किसी भी माननीय सदस्य को दिक्कत का सामना न करना पड़े। सत्र के दौरान दर्शकों विशेषकर स्कूली बच्चों की सुविधा का भी पूरा ख्याल रखें।

उन्होंने निर्देश दिए कि विधान सभा सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य अनुशासन बनाए रखना है। किसी भी मीडियाकर्मी व अन्य आगंतुक की आवश्यकता से अधिक चेकिंग न हो। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने व ड्यूटी पर कार्यरत स्टाफ की सुविधाओं का विशेष रूप से ख्याल रखने को भी कहा। सत्र की कार्यवाही देखने के लिए आने वाले दर्शकों के लिए प्रवेश पत्र बनाते समय समुचित नियमों व प्रक्रियाओं का पालन करें। मुख्यमंत्री, विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के अलावा किसी भी मंत्री या विधायक के साथ उनके सुरक्षा कर्मचारी विधान भवन में प्रवेश नहीं करेंगे। विधान भवन में पंजाब के साथ साझा सभी 7 रास्ते भी बंद किए जा रहे हैं। महिला दर्शकों की चेकिंग के लिए अलग से कैबिन स्थापित किए गए हैं।

वहीं, सिविल सचिवालय से आने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी उनके पहचान पत्र के आधार पर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उन्हें विधान भवन आने के लिए विधान सभा सचिवालय की ओर से जारी प्रवेश पत्र दिखाना होगा। बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी, गृह सचिव अनुराग रस्तोगी, डीजीपी शत्रुजीत कपूर, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

**कुल 4 बैठकें होंगी**


गौरतलब है कि 15वीं विधान सभा के प्रथम सत्र की पहली बैठक 25 अक्तूबर को आयोजित की गई थी। इस दिन विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विधान सभा सत्र की कार्यवाही अनिश्चित काल के स्थगित की थी। सोमवार को बीएसी ने निर्णय लिया है कि इस सत्र की अगली बैठक 13 नवंबर को होगी। सत्र की तीसरी बैठक 14 और चौथी बैठक 18 नवंबर को होगी। बीच में 15 को गुरु नानक देव जयंती के उपलक्ष्य में राजकीय अवकाश है तथा 16 और 17 नवंबर को शनिवार और रविवार के अवकाश हैं।

**सत्र से पहले विधायकों का प्रशिक्षण होगा**

15वीं हरियाणा विधान सभा के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए 12 नवंबर को प्राथमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चंडीगढ़ के सेक्टर 3 स्थित हरियाणा निवास में शाम को होने वाले इस सत्र में पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की टीम विधायकों को विधायी कामकाज की बारीकियां बताएगी। कार्यक्रम को विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और विस उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी संबोधित करेंगे। भविष्य में प्रशिक्षण का बड़ा कार्यक्रम भी किया जाएगा।

## पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं, नई सरकार की कुनीतियां शुरुआत में ही उजागर हुई : हुड्डा

### किसानों को एमएसपी व खाद के लिए तरसाना और जुर्माना लगाना ही नई सरकार की उपलब्धि : हुड्डा



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** जिस तरह पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं, उसी तरह नई बीजेपी सरकार की कुनीतियां शुरुआत में ही उजागर हो गई हैं। किसानों को एमएसपी व खाद के लिए तरसाना और पराली के नाम पर जुर्माना लगाना ही इस सरकार की उपलब्धि है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लगातार दावा किया जा रहा है कि खाद की कमी नही है। लेकिन सच्चाई ये है कि जरूरत के मुकाबले अबतक किसानों को आधा खाद भी नही मिल पाया है। खाद की किल्लत के चलते थानों में डीएपी बांटा जा रहा है। बीजेपी सरकार की कुनीतियां किसानों के लिए जानलेनवा साबित हो रही है। खाद नहीं मिलने से परेशान एक किसान की मौत की खबर से पूरा हरियाणा आहत है।

किसानों को कई-कई दिन, कई-कई घंटे कतारों में इतजार के बावजूद खाद नही मिल पा रही है। जबकि ब्लैक में धड़ल्ले से डीएपी बेचा जा रहा है। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए हुड्डा ने बताया कि हाईकमान जल्द ही नेता प्रतिपक्ष का फैसला करेगा। फिलहाल, महाराष्ट्र व झारखंड चुनावों की व्यस्ता के चलते इसपर फैसला नहीं हो पाया है। लेकिन इसपर जल्द फैसला ले लिया जाएगा। पार्टी द्वारा जल्द ही आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा भी तैयार की जाएगी और जल्द ही हलका स्तरीय कार्यक्रम करके कार्यकर्ताओं के साथ संवाद व मंथन किया जाएगा।

## होटल के मालिक से 02 करोड़ की फिरौती मांगने के मामले में कौशल चौधरी की पत्नी गिरफ्तार

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** दिनांक 15.09.2024 को एक व्यक्ति ने थाना बिलासपुर, गुरुग्राम में शिकायत के माध्यम से बतलाया कि यह एक होटल में काम करता है। दिनांक 10.09.2024 को इनके होटल के नंबर पर किसी ने फोन करके अपना परिचय कौशल चौधरी तथा अमित डागर गिरोह के सदस्य के रूप में कराते हुए 02 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी तथा फिरौती नहीं देने पर होटल पर फायरिंग करने की धमकी दी साथ ही पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इस शिकायत पर थाना बिलासपुर, गुरुग्राम में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया।



उप-निरीक्षक ललित कुमार, इन्चार्ज अपराध शाखा मानेसर, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग की वारदात को अंजाम देने में संलिप्त 20 हजार रुपयों की ईनामी 01 महिला आरोपी मनीषा (उम्र-35 वर्ष) पत्नी कौशल चौधरी निवासी गांव नाहरपुर रूपा, गुरुग्राम को आज दिनाँक 11.11.2024 को देवीलाल कॉलोनी, गुरुग्राम से काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की।

उपरोक्त आरोपित महिला से पुलिस पूछताछ में होटल हाइवे किंग नीमराना, राजस्थान पर फिरौती के लिए फायरिंग करवाने की वारदात को अंजाम देने का खुलासा किया है। इसके अतिरिक्त आरोपित ने मानेसर घाटी में पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए 04 आरोपियों को तथा सैक्टर-29, गुरुग्राम के क्षेत्र से पकड़े गए 01 व्यक्ति को अवैध हथियार उपलब्ध कराने का भी खुलाशा किया।

उपरोक्त आरोपी महिला मनीषा के अपराधिक रिकॉर्ड के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि इसके खिलाफ अवैध वसूली करने, हत्या करने, धोखाधड़ी करने के संबंध में 03 अभियोग गुरुग्राम में अंकित है। आरोपी इससे पहले भोंडसी जेल, गुरुग्राम तथा होशियारपुर (पंजाब) जेल में भी रह चुकी है। पुलिस टीम द्वारा आरोपित महिला के कब्जा से 02 मोबाईल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम द्वारा अभियोग से सम्बनधित साक्ष्य एवं जानकारियां एकत्रित की जा रही है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर 06 दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है। पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान आरोपी से विभिन्न राज्यों में अंजाम दी गई वारदातों के संबंध में गहनता से पूछताछ की जाएगी। अभियोग का अनुसंधान जारी है।

## हरियाणा में तेजी से पांव पसार रहा है डेंगू, कई मरीजों की हो चुकी है मौत : कुमारी सैलजा

### प्रदेश में जिस तेजी से डेंगू के केस बढ़ रहे हैं, उसके मुकाबले कम हो रही है फॉगिंग

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार अभी तक सत्ता के मद में चूर है, उसे जन कल्याण से कोई लेना देना नहीं है, प्रदेश में एक ओर जहां लोग बदलते मौसम में वायरल, टाइफाइड की चपेट में आ रहे है वहीं डेंगू तेजी से पांव पसार रहा है और कई लोगों की जान भी ले चुका है, सरकार केवल कागजों का पेट भरने में लगी हुई है, अभी तक फॉगिंग का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू नहीं किया गया है, प्रभावशाली व्यक्तियों की कालोनी में ही फॉगिंग की गई है। अगर सरकार ने डेंगू की रोकथाम के लिए कोई उचित कदम नहीं उठाया तो प्रदेश में भयावह स्थिति पैदा हो सकती है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि डेंगू के अलावा प्रदेश में लोगों को वायरल, टाइफाइड ने जकड़ रखा है। कई स्थानों पर डेंगू मामले अधिक आने से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। पंचकूला हॉट स्पाट बना हुआ है। प्रदेश में करीब 4500 केस सामने आए है। पंचकूला में 1233, हिसार में 475, करनाल में 357, सोनीपत 310, रेवाडी 275, पानीपत 260, कुरुक्षेत्र 213, गुरुग्राम 179, सिरसा 172 डेंगू के केस सामने आ चुके है। फरीदाबाद, रोहतक, अंबाला और यमुनानगर में 100 से 150 केस सामने आए है।




सिरसा, सिरसा सहित कई जिलों में डेंगू के प्रभाव से हुई मौत के मामले भी सामने आए है। कुछ जिलों में तो हालात इस कदर बिगड़ते जा रहे है कि लोग भय में जी रहे हैं। सैंपलिंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। अभी तक का स्थायी निराकरण नहीं निकाला जा सका है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एक दूसरे को आदेश देने में लगे हुए है। अधिकारी फॉगिंग का आदेश देते है, कर्मचारी रिपोर्ट भेजते है कि कई कई बार फॉगिंग करा दी गई पर धरातल में ऐसा कुछ नहीं है, फागिंग कागजों में की जा रही है। राज्य में फॉगिंग का परिणाम वर्तमान स्थिति के हिसाब से मेल नहीं खा रहा है। राज्य में जिस तरह से डेंगू के केस बढ़ रहे हैं, उसके मुकाबले फॉगिंग कम हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को सबसे पहले गांव व कस्बों में व्यापक तौर पर फॉगिंग करवाई जाए। उन्होंने कहा कि डेंगू पीड़ितों की सैंपलिंग में तेजी लाई जाए, जिस गली मोहल्ले में डेंगू का केस सामने आए वहां पर गंभीरता से फॉगिंग कराते हुए सैंपलिंग करवाई जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को अपनी टीमें हर वार्ड में भेजकर जांच करवाई जाए।

## माता पिता व जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा : राधा किशोरी

### मंगलवार को यज्ञ, हवन व भंडारे के साथ होगा शिव कथा का समापन

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति के तत्वाधान में सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 9 में आयोजित श्री शिव पुराण कथा के सातवें दिन कथा व्यास देवी राधा किशोरी ने शिव महिमा,शिव पंचायत व शिव पूजा के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि शिव भोले कल्याणकारी हैं,सुख-दुख में सबकी मनोकमना पूरी करते हैं। जो लोग अपने माता पिता व जरूरतमंदों की सेवा सहायता करते हैं उनका जीवन सफल होता है इस सेवा से शिव भोले बाबा भी खुश होते हैं अत: सभी लोगों को यह पुण्य कार्य करना चाहिए। सातवें दिन कथा सुनने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा के दौरान सुंदर झांकियों का प्रस्तुतिकरण किया गया। कथा सुनने



के लिए एक बार पुन: कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने भाग लेकर कथा का अमृतपान किया और मानव सेवा समिति द्वारा बनाये जाने वाले नए मानव भवन निर्माण में अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग देने व दिलाने का आश्वासन दिया। समिति के पदाधिकारी सुरेंद्र जग्गा, रांतीदेव गुप्ता,राजेंद्र गोयनका, संजीव शर्मा,बाई के महेश्वरी, बनवारीलाल गुप्ता, बलराज भड़ाना,कैलाश चंद शर्मा प्रेम, पसरीजा, रमा सरना, प्रतिमा गर्ग,सरिता गुप्ता ने कथा व्यास देवी राधा किशोरी के कर कमलों से श्री विपुल गोयल को सम्मान पट्टिका व स्मृति चिन्ह दिलवाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। कथा का समापन मंगलवार को यज्ञ हवन व भंडारे के साथ किया जाएगा

## देसी कट्टा सहित आरोपी गिरफ्तार

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशानिर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेन्ट्रल की टीम ने अवैध हथियार के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुरेन्द्र और त्रिलोक गांव बोराका होडल पलवल का रहने वाले हैं।

आरोपी सुरेंद्र को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान कैली गांव बल्लबगढ़ एरिया से काबू किया है। जिसकी तलाशी लेने पर देसी कट्टा बरामद किया गया है। जिस पर आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि देसी कट्टे को त्रिलोक से 7000/-रु में खरीद कर लाया है। आरोपी त्रिलोक को उसके गांव से काबू कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। त्रिलोक को पूछताछ के लिए 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया तथा सुरेन्द्र को जेल भेजा गया।

### नाबालिक लडकी के साथ यौन शोषण मामले में आरोपी को 20 साल की कैद

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बता दें कि हरियाणा सरकार के गृह विभाग के आदेश पर चिंहित अपराधों में तीव्रता से कार्रवाई के लिए कमेटी बनाई गई है। जिला फरीदाबाद की कमेटी में उपायुक्त फरीदाबाद, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, फरीदाबाद, जेल अधीक्षक व जिला न्यायवादी को नियुक्त किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने अधिक जानकारी देते हुए बतलाया कि वर्ष 2022 में आकाश निवासी गांव पहलादपुर बडोली फरीदाबाद के खिलाफ नाबालिग लड़की के पिता ने अपनी पुत्री के साथ यौन शोषण की शिकायत दी गई थी, जिस पर महिला थाना सेन्ट्रल में मामला दर्ज किया जाकर 30 सितम्बर को आरोपी आकाश को गिरफ्तार किया गया था। मामले की गम्भीरता को देखते हुए अभियोग को चिंहित अपराध की श्रेणी में रखा गया था। अभियोग की सुनवाई के दौरान फरीदाबाद पुलिस द्वारा तथ्यों व साक्ष्यों आधार पर पैरवी की गई, जिस पर अदालत ने आरोपी को 20 साल कैद व 60 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**
**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**
samachargate@gmail.com

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची


| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैंस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

जानकारी

# तनाव से होने वाले गठिया के लक्षण और उपचार

अनुसंधानों द्वारा जब रूमेटाइड अर्थराइटिस में आघात और भावनात्मक संकट की भूमिका की जांच की गई तो पाया गया कि, आघात और भावनात्मक संकट या चिंता आदि रूमेटाइड अर्थराइटिस के लक्षणों को बद से बदतर बना सकते हैं। तनाव कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, लेकिन क्या आघात या तनाव गठिया अर्थात रूमेटाइड अर्थराइटिस (rheumatoid arthritis) के विकास को गति प्रदान करता है? अनुसंधानो द्वारा जब रूमेटाइड अर्थराइटिस में आघात और भावनात्मक संकट की भूमिका की जांच की गई तो दोनों ही प्रश्नों का उत्तर 'हां' में मिला। चलिए जानते हैं-तनाव प्रेरित गठिया के लक्षण और इसके उपचार क्या हैं।

## शोध करता है पुष्टि



उदाहरण के लिए, वर्ष 2009 में सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के शोधकर्ताओं ने एक शोध में पाया कि वे लोग जिनके बचपन में शारीरिक, भावनात्मक या यौन शोषण सहित दो या अधिक घटनाएं हुई हैं, उनमें बचपन में बिना किसी दुखद घटना वाले लोगों की तुलना में रूमेटाइड अर्थराइटिस होने का खतरा दो गुना अधिक होता है।

## मानसिक तनाव रोग के परिणाम को कर सकता है प्रभावित


मिशिगन यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर, डैनियल क्लॉव के अनुसार कई अन्य अध्ययनों ने भी मानसिक तनाव और रूमेटाइड अर्थराइटिस के बीच संबंधों का वर्णन किया है। उनमें से एक में, नेब्रास्का यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने रूमेटाइड अर्थराइटिस से पीड़ित 1,522 अमेरिकी दिग्गजों के रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि रूमेटाइड अर्थराइटिस से पीड़ित वे लोग जिन्हें पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर था, उन्होंने बिना पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर वाले रूमेटाइड अर्थराइटिस के मरीजों की तुलना में दर्द होने, जोड़ों में अकड़न आने आदि समस्याओं की शिकायत की।

## चिंता से लक्षण हो सकते हैं बद से बदतर

इसी वर्ष रूमेटिक डिजीज पर प्रकाशित एक डच अध्ययन के अनुसार, शोधकर्ताओं ने चिंता एवं रूमेटाइड अर्थराइटिस के लक्षणों के बीच संबंध पाया। यह जानने के लिए कि कैसे रोजाना का तनाव और चिंता, रूमेटाइड अर्थराइटिस के लक्षणों आदि को प्रभावित करते हैं, शोधकर्ताओं ने 80 रूमेटाइड अर्थराइटिस के मरीजों का छह महिनों का डाटा एकत्रित किया। इसमें मरीजों ने दैनिक तनाव के बारे में (उदाहरण के लिए, लंबे समय तक इंतजार, कुछ बेहद अजीज खो जाना आदि) तथा तनाव का स्तर तथा दर्द, थकान और बीमारी गतिविधि के लक्षण से संबंधति सवालों के जवाब दिए। शोधकर्ताओं ने इंफ्लेमेट्री साइटोकिन्स- टीएनएफ-अल्फा और इंटरल्यूकिन 1 बीटा (आईएल 1व) सहित तनाव हार्मोन- कोर्टिसोल के स्तर को मापने के लिए रक्त के नमूने भी लिए, क्योंकि ये भी रूमेटाइड अर्थराइटिस में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रमुख लेखक एंड्रिया डब्ल्यू एम एवर्स के अनुसार, परिणामों में पाया गया कि वे मरीज जिनमें अधिक चिंता करने की प्रवृत्ति होती है, एक महीने बाद उनमें जोड़ों में अधिक सूजन और दर्द देखा गया। तो इससे ये काफी हद तक साफ होता है कि चिंता गठिया के लक्षणों को बढ़ा करती है। इससे बचने सायकोलॉजिकल थेरेपी ली जा सकती हैं। बेहतर होगा कि आप ऐसे में किसी मनोवैज्ञानिक की मदद लें।

# असल में क्या हैं फेफड़ों के कैंसर के शुरुआती लक्षण?

## इन भ्रांतियों को भी दूर कर लें



इंडिया अगेंस्ट कैंसर की वेबसाइट के अनुसार, फेफड़ों के कैंसर का बड़ा कारण धूम्रपान है। धूम्रपान के कारण भारत में हर दिन 3500 लोग जान गंवा रहे हैं। धूम्रपान करने वाले किसी भी व्यक्ति को शुरुआती चरणों में किसी भी ट्यूमर को पकड़ने के लिए फेफड़े का सीटी स्कैन कराना चाहिए। लोगों को फेफड़ों के कैंसर की जांच के फायदों के बारे में ज्यादा जानने की जरूरत है। पहले जांच का कोई अच्छा तरीका नहीं हुआ करता था और अब सीएटी (CAT) स्कैन लो डोज रेडिएशन के साथ हर साल इस बात की चिंता दूर करता है कि फेफड़े ट्यूमर रहित हैं।

### फेफड़ों के कैंसर का खतरा

भले ही फेफड़ों के कैंसर से होने वाली मौतों में कमी दिख रही हो, लेकिन यह भी सच है कि प्रोस्टेट, ब्रेस्ट और कोलोन कैंसर की तुलना में यह आज भी इंसानों की जान का ज्यादा बड़ा दुश्मन बना हुआ है। इसका एक कारण यह है कि इस बीमारी के बारे में बिल्कुल पता नहीं चलता और शुरुआती लक्षण नजरअंदाज हो जाते हैं। जब तक इसका पता चलता है ट्यूमर फैल जाता है और अक्सर घातक होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में मुंह और फेफड़ों के कैंसर से 25 फीसदी पुरुषों की असमय मौत हो जाती है। यहां इंसानों की जान का ज्यादा बड़े दुश्मन बने कैंसर के बारे में जानिए -

डॉ. उमर अफरोज के अनुसार, फेफड़ों की कोशिकाओं का अनियंत्रित होकर बढ़ना फेंफड़ों के कैंसर का कारण होता है। जैसे-जैसे कोशिकाओं की संख्या बढ़ती है, वे एक ट्यूमर बना देती है। यदि फेफड़ों का कैंसर शुरुआती चरणों में पकड़ा जाता है, तो यह वाकई अच्छी खबर है। ट्यूमर को ज्यादा बेहतर तरीके से हटाया जा सकता है। रोबोटिक सर्जिकल टूल्स का उपयोग करते हुए सर्जन फेफड़े के ट्यूमर को मिनिमली इन्वेसिव रीमूवल टेक्निक से हटा सकते हैं। हर फेफड़े का रीसेक्शन (फेफड़े के हिस्से को हटाना) इस तरह से नहीं किया जा सकता है। व्यक्ति के स्वास्थ्य और जटिलता को देखते हुए रोबोट सर्जरी रोगियों के लिए फायदेमंद हो सकती है। 55 साल से अधिक लोगों के लिए साल भर में एक बार फेफड़े के कैंसर की जांच की सलाह दी जाती है। विशेष रूप से उन्हें जो कि एक दिन में सिगरेट का एक पैकेट फूंक जाते हैं या पिछले 15 सालों से धूम्रपान कर रहे हैं, जो लोग वर्तमान में धूम्रपान कर रहे हैं, उन्हें जांच करानी चाहिए और यह जान लें कि धूम्रपान 80 से 90 प्रतिशत फेफड़ों के कैंसर से जुड़ा हुआ है।




अमेरिका में नवंबर माह को लंग कैंसर अवेयरनेस मंथ के रूप में मनाया जा रहा है, ताकि हर रोज लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली इस खतरनाक बीमारी के बारे में जागरूकता फैला सकें। अमेरिका जैसे देश में फेफड़े के कैंसर के बारे में कुछ सामान्य गलत धारणाएं प्रचलित हैं। फेफड़ों का कैंसर अमेरिका में कैंसर से होने वाली मौतों का सबसे बड़ा एकलौता कारण है। फेफड़ों के कैंसर से कोलोन, ब्रेस्ट और प्रोस्टेट कैंसर की तुलना में अधिक मौतें होती हैं। फेफड़े के कैंसर का सबसे आम कारण तंबाकू धूम्रपान है। अगर आप धूम्रपान करते हैं, तो आपके फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना 30 गुना अधिक होती है। तीसरी बात यह प्रचलित है कि फेफड़े का कैंसर आमतौर पर प्रारंभिक अवस्था में पता चल जाता है, लेकिन दुर्भाग्य है कि यह सच नहीं है। फेफड़ों के कैंसर के जल्दी लक्षण जल्दी पता नहीं चलते। फेफड़े के कैंसर का विकास आनुवांशिक और गैर-आनुवंशिक दोनों कारकों पर निर्भर करता है। आनुवंशिक, पर्यावरणीय और व्यवहार संबंधी कारक सभी आपके लिए जोखिम का काम करते हैं। फेफड़ों के कैंसर को लेकर एक अन्य भ्रांति है कि इसे स्क्रीन करने का कोई तरीका नहीं है। यह सच नहीं है, कई तरीके हैं, जिनसे यह स्क्रीनिंग संभव है।

सेहत

# तपेदिक कैसे होता है?

तपेदिक (ट्यूबरक्युलोसिस, क्षय रोग या टीबी) बैक्टीरिया के कारण होने वाली संक्रामक बीमारी है। इसका वैज्ञानिक नाम 'माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्युलोसिस' है। टीबी की बीमारी ज्यादातर फेफड़े को प्रभावित करती है, लेकिन यह सिर्फ फेफड़े की बीमारी नहीं है। शरीर के किसी भी अंग पर तपेदिक का दुष्प्रभाव हो सकता है। एब्डॉमन, किडनी, स्पाइन, ब्रेन या शरीर के किसी भी अंग की हड्डी में तपेदिक का प्रकोप हो सकता है। आजकल शरीर मे पौष्टिक खाने की कमी, जंकफूड के इस्तेमाल, मीजल्स या न्यूमोनिया के बिगड़ने और एचआईवी पॉजीटिव होने से भी तपेदिक का इन्फेक्शन होता है।




- तपेदिक ग्रसित रोगियों के कफ, छींकने, खांसने, थूकने और उनके करीब रहकर उनके द्वारा छोड़ी गई कार्बनडाइऑक्साइड के संपर्क में आने से कोई भी स्वस्थ व्यक्ति भी आसानी से टीबी का शिकार हो सकता है।
- टीबी के मरीज के संपर्क में आने से स्वस्थ व्यक्ति के फेफड़ों पर असर होता है, लेकिन तपेदिक से संक्रमित व्यक्ति को छूने और उससे हाथ मिलाने से टीबी नहीं फैलता है।
- हवा के संक्रमण से तपेदिक रोग होता है।
- बच्चे पाश्चराइज्ड दूध न पीने से तपेदिक की गिरफ्त में आ सकते हैं।
- तपेदिक जब सांसों के जरिए फेफड़े तक पहुंचता है तब बीमारी की स्थिति गंभीर हो सकती है।
- खान-पान में लापरवाही बरतने से भी तपेदिक होता है। जंक फूड और फास्ट फूड खाने से टीबी की संभावना बढ़ जाती है।
- कभी-कभी सामान्य खांसी को नजरअंदाज करने से टीबी हो सकता है। इसलिए खांसी अगर दो हफ्ते से ज्यादा समय तक आए तो डॉट्स सेंटर पर जाकर बलगम की जांच कराएं।
- तपेदिक का असर किडनी, हड्डी, दिमाग, स्पाइनलकार्ड को प्रभावित करते हैं।
- शरीर पर तपेदिक के संक्रमण का असर बढ़ने के साथ ही व्यक्ति के शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता समाप्त होने लगती है।
- डायबिटीज, कैंसर, एचआईवी के मरीजों में तपेदिक होने का खतरा ज्यादा होता है।
- शराब पीने वाले आदमी को ट्यूबरकुलोसिस की संभावना बढ़ जाती है।
- अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों को टीबी मरीजों के संपर्क में आने से इसके होने की संभावना ज्यादा होती है।
- तपेदिक होने पर शरीर में थकान, वजन कम होना, हर रोज बुखार आना, रात में सोते वक्त पसीना आने जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं।
- भूख की कमी, शरीर में पीलापन आना भी ट्यूबरकुलोसिस के लक्षण हैं।
- फेफड़े में इन्फेक्शन बढ़ने के साथ ही कफ ज्यादा आने लगता है, जिससे छाती में दर्द, कफ में खून आने से सांस लेने में दिक्कत होने लगती है।
- चेस्ट एक्स-रे, त्वचा की जांच, बलगम की जांच द्वारा तपेदिक का पता लगाया जा सकता है।
- टीबी के इलाज के लिए भारत सरकार ने जगह-जगह डॉट्स के केंद्र खोले हैं, जहां पर इसके मरीजों का इलाज हो सकता है। तपेदिक के मरीज को दूध, पनीर, अंडे, चिकन और मछली खाने की सलाह दी जाती है। तपेदिक के मरीज को हर रोज अपने डाइट में 1.5 ग्राम प्रोटीन लेने की सलाह दी जाती है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

## काकुरो पहेली - 3348




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3347 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक बार एक सेठ बीमार पड़ गया. उसकी हालत मरने की-सी हो गई. पूरा परिवार उसके चारों ओर एकत्र था. सेठ ने अपनी पत्नी को बुलाकर पूछा-'बड़ा लड़का कहां है ?'

'यहीं है !'

'मंझला ?'

'यहीं है.'

'और छोटा ?'

'यहीं है.'

'तो फिर क्या दुकान बन्द पड़ी है ?' सेठ ने चारपाई से उठते हुए पूछा.

एक जहाज का कप्तान डेक से फिसल कर समुद्र में गिर गया. एक नाविक ने अपनी जान हथेली पर रखकर उसे बचा लिया.

'मैं तुम्हें क्या इनाम दूं !'कप्तान ने पूछा.

'श्रीमान !' नाविक हाथ जोड़ते हुए बोला-'सबसे अच्छा इनाम तो यह होगा कि आप इस घटना का जिक्र किसी से न करें. वरना बाकी नाविक मुझे उठाकर समुद्र में फेंक देंगे.'

जज, कैदी से- 'तुम्हें कल फांसी दी जाएगी, तुम्हारी कोई आखिरी इच्छा है?'

कैदी-'जी हाँ.'

जज-'क्या?'

कैदी-'जी मेरी जगह आप फांसी पर लटक जाइये!'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3348



**बायें से दायें:-**

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके खयाल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुतूतू' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, टिवंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों कीफिल्म-२
३०. आमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-२,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-३
२. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी ऑखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'पी कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचो गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नताशा की १९८२ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,२
२६. अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, टिवंकल खन्ना की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3347

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्लै | क | मे | ल | | जं | | बे | व | फा |
| क | | ला | ल | बं | ग | ला | | जू | |
| | ही | | का | | ली | | ग | द | र |
| मे | रा | ध | र | म | | रा | ज | | फ्ता |
| हं | | र्मा | | ह | वा | | ब | हा | र |
| दी | दी | | दि | ल | दा | र | | सि | |
| | दा | मु | ल | | | मा | ई | ल | व |
| सु | र | | से | ह | रा | | | | फा |
| हा | | य | | व | | ज | या | प्र | दा |
| ग | र्दि | श | | स | त्या | | दें | | र |

## सूडोकु -3348

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3347 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 3348



**बाएँ से दाएँ**

1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1.इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

### शब्द पहेली -3347 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | च | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |

# फरीदाबाद में चारकोल प्लांट के विरोध में बीस गांवों के लोगों ने दिया धरना

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में कचरे के निस्तारण के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से मोठूका गांव में बनाई जाने वाले चारकोल प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। मोठूका गांव में आसपास के ग्रामीण एकत्रित हुए और विरोध स्वरूप नारेबाजी करते हुए प्लांट के विरोध में 51 सदस्य वेस्ट टू चारकोल विरोध संघर्ष समिति का गठन किया। इस प्लांट में विरोध में मोठूका में चारकोल प्लांट स्थल पर आसपास के इलाके छायसा, मौजपुर, अटाली, तेजपुर, खादर, शाहपुरा खादर, शाहजहां, चांदपुर, कौराली, बहादुरपुर सहित 20 गांवों के प्रमुख लोग इस में शामिल हुए। इस धरना स्थल पर ग्रामीणों ने तय किया कि किसी भी सूरत में यहां पर वेस्ट टू चारकोल प्लांट स्थापित नहीं होने दिया जाएगा। लोगों ने कहा इस प्लांट को हटाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह प्लांट उनके लिए व आने वाली पीढियों के लिए काफी खतरनाक सिद्ध होगा। गुरुग्राम जिले के बंधवाड़ी गांव में वेस्ट प्लांट लगाया हुआ है। उसकी वजह से उसके आसपास 7 से 8 किलोमीटर तक एरिया में दुर्गंध बनी रहती है। वहां से लोगों को सांस लेने में भी कठिनाई होती है। लोगों ने कहा कि बंधवाड़ी से गुरुग्राम फरीदाबाद रोड पर निकलना भी लोगों को भारी हो जाता है। अगर यह प्लांट मोठूका गांव में लग गया तो सभी का जीना दुश्वार हो जाएगा तरह-तरह की बीमारियां पनपने लगेंगी। इसके लगने की वजह से यहां पर डेवलपमेंट भी खत्म हो जाएगा। प्लांट के निर्माण के लिए हरे पेड़ों की भी कटाई की जाएगी, जिस वजह से उनके इलाके का पर्यावरण बिगड़ जाएगा। इसलिए यह प्लांट किसी भी सूरत में यहाँ नहीं लगने दिया जाएगा।




# प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा विश्व शांति हेतु सामूहिक राजयोग कार्यक्रम आयोजित किया

समाचार गेट/सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** स्थानीय सेवाकेंद्र प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा विश्व शान्ति हेतु सामूहिक राजयोग कार्यक्रम पीपी स्टील कारपोरेशन सेक्टर 4, बल्लभगढ मे आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 1000 ब्रह्मा कुमार, ब्रह्मा कुमारी बहनों ने हिस्सा लिया। विश्व में अराजकता और अशांति के लिए एक घंटा राजयोग ध्यान किया गया ताकि विश्व मे शान्ति और सदभावना हो!

फरीदाबाद केंद्र संचालिका उषा बहन जी ने ईश्वरीय सत्संग कराया, कार्यक्रम संचालन बल्लभगढ़ सेवा केंद्र प्रभारी सुशीला बहन ने बुका देकर उषा बहन जी का स्वागत किया और सभी को इस कार्यक्रम मे पधारने पर स्वागत वक्तवय दिया। कार्यक्रम मे सोनीपत विश्व कल्याण सरोवर से बी के सतीश भाई ने कहा की ईश्वर का ज्ञान और उसकी याद ही विश्व मे शान्ति लाएगी !कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसंत विरमानी पूर्व महापौर फरीदाबाद रोटरी क्लब प्रधान प्रेम प्रकाश पसरीजा, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर केके गुप्ता उपसथित थे!




तावडू से निर्मल दीदी, सुभद्रा बहन और निर्मल बहन विशेष रूप से उपसथित रहे! डॉक्टर गुप्ता ने कहा की संघठित रूप से ये विशव विद्यालय और इसके अनुयायी विश्व शान्ति हेतु कार्य कर रहे हैं! पसरिजा जी ने कहा की ऐंसे आयोजन समय प्रति समय होने चहिये इससे मन को शान्ति मिलती है! बतौर मुख्य अतिथि बसंत विरमानी ने कहा की आज विश्व शान्ति के लिए कार्यक्रम रखना औरो के लिए प्रेरणा बनना है !

ममता बहन ने सभी का अपने शब्दों से आभार प्रकट किया! सरोज ,संगीता, सीमा, मानसी खट्टर, सोनिया, भारती, अंजू , रीनाबहन ने बहनो एवं अतिथियों को बुका चुन्नी बैज पहनाकर स्वागत किया! कुमारी योगिता और नेस्ठा ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया! उषा बहन एवं सुशीला बहन ने अतिथियों को ईश्वरीय सौगात और प्रशाद दिया!

कार्यक्रम का उदेश्य के बारे मे ज्योति भाई ने बताया की हमें अपना समय परमात्मा के और समाज की सेवा में लगाना चाहिए, हमें अपने जीवन से औरो को रास्ता दिखाना है!

मंच का संचालन नवीन भाई ने किया। ज्योति भाई के जन्मदिन का केक भी काटा और सभी ने लिए लंगर प्रशाद ग्रहण किया! राव रघुवीर, प्रेम खट्टर, वेद सपरा सुन्दर लाल गाबा, सुधीर आर्य, कुनाल भाई, विजय भाई, रवि, संतोष मित्तल, हरी किशन, जगदीश डॉक्टर, देवऋषि, सुरेश गुप्ता, मंटू भाई, रतन भाई, देवऋषि, दुर्गपाल, विनोद, पुरषोतम अनेक गणमान्य लोग उपसथित थे!

# फेफड़ों संबंधी बीमारियों के लोग निमोनिया के ज्यादा शिकार : डा. सुनील नागर

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** मौसम बदलाव के साथ निमोनिया की समस्या लोगों को तेजी से बढनी शुरू हो गई है। खासकर फेफड़ों ओर हार्ट की समस्या से जूझ रहे लोगों को यह बीमारी जकड़ रही है। इसके अलावा छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।विश्व निमोनिया दिवस पर यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील नागर का। उन्होंने कहा कि निमोनिया की समस्या को कभी हल्के में न लें। समय पर उचित इलाज करायें। विश्व निमोनिया दिवस पर मरीजों को जागरूक करते हुए डॉ. सुनील नागर ने बताया कि निमोनिया पांच प्रकार का होता है। बैक्टीरियल निमोनिया, वायरल निमोनिया, माइकोप्लाज्मा निमोनिया, एस्पिरेशन निमोनिया और फंगल निमोनिया। बड़ों में निमोनिया का सबसे सामान्य लक्षण है खांसी। अत्यधिक खांसी के कारण व्यक्ति में कमजोरी आ जाती है और बुखार बना रहता है। कभी-कभी सीने में दर्द और बेचैनी महसूस होती है। भूख नहीं लगती है। स्थिति गंभीर होने पर तेज सांस चलने लगती है। ब्लड प्रेशर कम हो जाता है। खांसी में खून आना शुरू हो जाता है। इस स्थिति में तत्काल डॉक्टर को दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निमोनिया के हाई रिस्क ग्रुप में शामिल हैं वे लोग जो अत्यधिक सिगरेट पीते हैं या कुपोषण का शिकार हैं। एचआईवी, अंग प्रत्यारोपण, कीमोथेरेपी, या लंबे समय तक स्टेरॉयड दवाओं के सेवन के कारण जिनका प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो चुकी है। जिनको स्ट्रोक,



ड्रग्स या अल्कोहल के कारण सांस लेने में कठिनाई होती है। वे लोग जिन्हें इन्फ्लूएंजा सहित हाल ही में किसी वायरल का संक्रमण हुआ है। डॉ. सुनील नागर ने कहा कि जब दोनों फेफड़ों में निमोनिया हो जाता है, तो इसे डबल निमोनिया कहा जाता है। यह एक गंभीर संक्रमण है, जो घातक हो सकता है। डबल निमोनिया के लक्षण निमोनिया से अलग नहीं हैं। इसलिए निमोनिया का कोई भी संकेत नजर आए, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जिन लोगों को फ्लू (इन्फ्लूएंजा वायरस संक्रमण), स्ट्रेप्टोकोकल बैक्टीरियल संक्रमण, रेसपिरेटरी सिंकिटियल वायरस या कोई अन्य संक्रमण है, तो उन्हें डबल निमोनिया का खतरा रहता है। इस स्थिति में मरीज को सांस लेने में बेहद मुश्किल हो सकती है। बड़ों में निमोनिया एक सप्ताह में ठीक हो जाता है। एंटीबायोटिक्स शुरू करने के कुछ समय बाद ही बैक्टीरियल निमोनिया में सुधार होने लगता है, जबकि वायरल निमोनिया आमतौर पर लगभग तीन दिनों के बाद सुधरने लगता है। यदि मरीज की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है या निमोनिया गंभीर है, तो ठीक होने में लंबा समय लग सकता है।

# दिव्यांगजनों के लिए छात्रवृति योजना आवेदन तिथि बढ़ी, 15 नवंबर तक का मौका : डीसी

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि भारत सरकार का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजनों के शैक्षिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय द्वारा विशेष छात्रवृत्ति योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनके माध्यम से दिव्यांग छात्रों को शिक्षा में प्रोत्साहन और आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि इन योजनाओं में प्रमुख रूप से प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक और उच्च श्रेणी की छात्रवृतियां शामिल हैं, जो छात्रों की शैक्षणिक यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं। इन योजनाओं का लाभ दिव्यांग छात्र देशभर में प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी और वे समाज में अपनी एक विशेष पहचान बना सकेंगे। छात्रवृति के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी श्रेणियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को अब बढ़ाकर 15 नवंबर कर दिया गया है, जिससे अधिक से अधिक छात्रों को आवेदन का मौका मिल सके।



डीसी ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आवेदन प्रक्रिया नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर शुरू हो चुकी हैं। ये योजनाएं ऐसे दिव्यांग छात्रों के लिए हैं, जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है। उन्होंने बताया कि आवेदकों के पास सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। साथ ही, आवेदक के परिवार की वार्षिक आय भी निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक और उच्च श्रेणी छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 थी, जिसको बढ़ाकर अब 15 नवंबर कर दिया गया है। इच्छुक छात्र एवं छात्राएं आवेदन करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप प ो ट ॅ ल (http://www.scholarships.gov.in/) पर जा सकते हैं। इस योजना के लिए आवेदक के अभिभावक या संरक्षक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, स्ट्रीट लाइट आदि शिकायतों का हुआ मौके पर ही समाधान : डीसी

## सोमवार को प्राप्त हुई 22 शिकायतें, ज्यादातर शिकायतों का मौके पर हुआ समाधान

समाचार गेट/कृष्णा शर्मा

**फरीदाबाद।** नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर समस्याओं के समाधान में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। डीसी विक्रम सिंह ने अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आज सोमवार को नगर निगम के तीनों ज़ोन के कार्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्र के तीनों ब्लॉक के बीडीपीओ कार्यालयों में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से ज्यादातर शिकायतों का मौके पर समाधान करवाया गया। अधिकारियों ने कहा कि शेष आवेदनों पर कुछ औपचारिकताएं पूरी होते ही समाधान हो जाएगा। शिविर के दौरान अतिक्रमण, प्रॉपर्टी आईडी, स्ट्रीट लाइट, बिल्डिंग प्लान आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही करते हुए नागरिकों को राहत दी गई। डीसी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए समाधान शिविर से नागरिकों का शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागीय सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का एक ओर जहां मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। वहीं प्रॉपर्टी आईडी आदि से जुड़ी त्रुटियों को यथाशीघ्र दुरुस्त कर आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक समाधान शिविर में पहुंची शिकायतों में से अधिकतर का समाधान किया जा चुका है।



# शिक्षकों के उत्कृष्टता की निरंतरता शैक्षणिक संस्थानों के श्रेष्ठता का मुख्य संकेतक : डॉ. रवि हान्डा

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** सेक्टर 86 स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (आई एम टी) के निदेशक डॉ. रवि हान्डा ने संस्थान की उप प्रचार्या डॉ. पारुल खन्ना को फरीदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा विकसित भारत समिट एवं सम्मान समारोह 2024 के अवसर पर सम्मानित होने पर बधाई तथा शुभकामनाएँ दिए। ज्ञात हो कि डॉ. पारुल खन्ना को फरीदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा उच्च शिक्षा और छात्र सफलता में परिवर्तनकारी नेतृत्व सम्मान से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डॉ. रवि हान्डा ने कहा कि शिक्षकों के उत्कृष्टता की निरंतरता शैक्षणिक संस्थानों के श्रेष्ठता का मुख्य संकेतक तथा परिचायक होता है । डॉ. हान्डा ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में चुनौतियों को संभावनाओं तथा अवसरों में परिवर्तित करने हेतु शिक्षकों को परिवर्तनशील एवं सृजनात्मक भूमिका का सम्यक निर्वहन करना होगा। डॉ. पारुल खन्ना की इस उपलबधि पर प्रोफेसर आर एन सिंह, डॉ. पुनम नागर सहित संस्थान के सभी प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों ने बधाईयाँ व शुभकामनाएँ दिए।



# जिले के सभी गांव ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल गांव का लक्ष्य हासिल करें : प्रमेन्द्र सिंह




## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जल एवं स्वच्छता कमेटी के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** खण्ड कार्यालय फरीदाबाद के प्रशिक्षण हाल में उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में सीईओ जिला परिषद सतबीर मान के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत सरपंचों, ग्राम सचिवों, कनिष्ठ अभियंता, पंचायती राज, ए.बी.पी.ओ. मनरेगा तथा जल एवं स्वच्छता कमेटी के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ओ.डी.एफ. प्लस के मुख्य घटकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान ओ.डी.एफ. प्लस स्थायित्व, ठोस कचरा प्रबंधन, तरल कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, गोवर्धन एवं फीकल वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में बताया गया। उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि 31 दिसंबर 2024 तक जिले के सभी गांव ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल गांव का लक्ष्य हासिल करें। उल्लेखनीय है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यत: स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग के कनवर्जेंस के बारे में भी सभी प्रतिभागियों को बताया गया ताकि कनवर्जेंस के माध्यम से गांवों में अधिक से अधिक ग्रामीण विकास के कार्य हो सकें। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला परिषद् उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह द्वारा बतौर मुख्य अतिथि किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी अजीत सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एस.बी.एम.जी उपेन्द्र सिंह, करन सिंह, ए.बी.पी.ओ., मनरेगा, एच.आई.आर.डी. नीलोखेड़ी से प्रशिक्षक रूप लाल तंवर एवं डब्ल्यू एस.एस.ओ सलाहकार सत्यनारायण नेहरा मुख्य रूप से उपसथित थे।

# खाटूश्याम जी की पूजा करने से मनोकामनाएं होती हैं पूर्ण : धनेश अदलखा



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** बडखल विधायक धनेश अदलखा ने भाखड़ी गांव स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर और एनआईटी दशहरा मैदान में श्री श्याम जन्मोत्सव पर आयोजित जागरण में भाग लेकर खाटू श्याम जी के दरबार में माथा टेका। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा में मुख्य रूप से मौजूद थे। इस मौके पर विधायक धनेश अदलखा श्याम भक्तों के साथ खाटू जी के भजनों पर खूब नाचे। इस अवसर पर धनेश अदलखा ने कहा कि खाटू श्याम अर्थात जो हारे हुए और निराश लोगों को संबल प्रदान करता है। खाटू श्याम दुनिया के सर्वक्षेष्ठ धनुर्धर है उनसे बड़े सिर्फ श्रीराम ही माने गए है। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा, खाटू वाला श्याम, कलयुग का अवतार, दीनों का नाथ, खाटू नरेश आदि नामों से भी पुकारा जाता है. खाटू श्याम जी बाल अवस्था में वीर और बलशाली थे. उन्होंने युद्ध कला अपनी माता मोरवी और भगवान कृष्ण से सीखी थी। विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था कि ''बर्बरीक धरती पर तुम से बड़ा दानी न तो कोई हुआ है और न ही होगा। मां को दिए वचन के अनुसार, तुम हारने वाले का सहारा बनोगे। लोग तुम्हारे दरबार में आकर जो भी मांगें उन्हें मिलेगा।'' खाटू श्याम बाबा द्वापर या महाभारत काल के समय में बर्बरीक के रूप में जाने जाते थे। वे तीन बाण धारी शक्तिशाली योद्धा थे। वे पांडव पुत्र भीम के नाती और घटोत्कच के पुत्र थे। भारत में लाखों मंदिर हैं। हर मंदिर के बनने के पीछे कोई न कोई रहस्य छिपा हुआ है। ऐसा ही एक रहस्यमयी और चमत्कारिक मंदिर है राजस्थान के सीकर जिले में खाटू श्याम मंदिर जहां आज लाखों लोग न केवल खाटू बाबा को मानते हैं, बल्कि हर मौके पर वहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है। उन्होंने कहा कि जो लोग भगवान खाटू के दर्शन करते हैं, उनके जीवन की हर समस्या दूर हो जाती है। इस मौके पर सतिन्द्र फागना, महेश फागना, आदेश यादव, कविन्द्र चौधरी, पवन ढींगरा जतिन ललित कपूर के नाम मिनाक्षी प्रिया व महिला मंडल की महिलाओं सहित कई भक्त मौजूद थे।

## संपादकीय

### 370 का राग फिर क्यों...?

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद नई प्रदेश सरकार ने फिर से पुराने एजेंडे पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इससे निश्चित ही यह संकेत मिलता है कि जिस धारा 370 और 35ए के कारण कश्मीर को शेष भारत से अलग दिखने जैसी स्थिति दिखती थी, वैसी ही स्थिति पैदा करने का प्रयास नई सरकार यानी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा किया जा रहा है। राज्य की नई सरकार का यह कदम पाकिस्तान के हौसले बढ़ाने वाला ही लगता है, क्योंकि पाकिस्तान धारा 370 के कारण ही कश्मीर को अपना बताने का कुचक्र रचता रहा है। धारा 370 के बहाने राज्य को मिले विशेष अधिकारों के चलते ही पाकिस्तान ने अपना नेटवर्क स्थापित किया था, जिसके कारण वहां के नागरिक भारतीय सेना के प्रति अलगाव का व्यवहार करते दिखाई दिए। उस समय पाकिस्तान परस्त आतंकी कश्मीर में युवाओं को भ्रमित करते रहते थे। अब उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने जम्मू कश्मीर में फिर से अलगाव के बीज रोपित करने का काम किया है। जिसमें कांग्रेस की भी भागीदारी है। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं है, बाहर से समर्थन दे रही है। जम्मू कश्मीर में जब धारा 370 कायम थी, तब राज्य ने क्या खोया था, यह पूरा देश जानता है। घाटी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती रहती थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को शेष भारत से समरस करने का काम किया है। इसीलिए आज जम्मू कश्मीर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगा पाने में बहुत हद तक सफल हुआ है।




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक क़ानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाली धारा 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह धारा जम्मू कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करती है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वत: ही ख़ारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी प्रादुर्भित होता है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू कश्मीर को अलग दरजा देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इंकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दफ़न करते हुए शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए धारा 370 का समावेश संविधान में करा दिया। आज कांग्रेस भले ही इस बात का दम्भ भरे कि वह संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के कार्य ऐसे लगते नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की सरकार ने ही आपातकाल लगाकर भारत के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे, जो बहुत बड़ा संविधान विरोधी कदम था। क्योंकि उस समय आपातकाल लगाने जैसी स्थिति नहीं थी। यह सारा खेल अपनी कुर्सी को बचाने के लिए किया गया था। आपातकाल संविधान की हत्या करने जैसा ही था।

पांच वर्ष पूर्व केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 और 35ए को विलोपित कर दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा का यह कदम किसी भी प्रकार से किसी के विरोध में इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि भाजपा के हर घोषणा पत्र में इस धारा को हटाने की बात की। इन्हीं वादों को पूरा करने के लिए भाजपा को समर्थन मिला। ज़ब जनता ने भाजपा के वादों को पूरा करने के लिए समर्थन दिया, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि भाजपा ने वही काम किया, जो जनता चाहती थी। अब जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान चलता है, राज्य का अपना कोई संविधान नहीं है। इतना ही नहीं जम्मू कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है। इसलिए उसके संवैधानिक अधिकार सीमित हैं। इसलिए जम्मू कश्मीर की सरकार संविधान में बदलाव करने का कोई संवैधानिक हक नहीं रखती। यह केंद्र सरकार का काम है। राज्य कोई विधेयक पारित तो कर सकता है, लेकिन वह विधेयक तब तक लागू नहीं हो सकता, ज़ब तक केंद्र की सरकार न चाहे। इसलिए यह कहा जा सकता है कि राज्य की नवगठित सरकार का यह कदम केवल राजनीतिक लाभ के लिए है।

देश में कई विपक्षी राजनीतिक दलों ने एक साथ आकर इंडी गठबंधन बनाया है। यह गठबंधन बार बार संविधान बचाने की बात करता रहता है, लेकिन सवाल यह है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 को बहाल करने वाले विधेयक पर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। इसे मौन समर्थन भी माना जा सकता है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की ऐसी कौन सी राजनीतिक मजबूरी है जो धारा 370 और 35ए की बहाली के लिए उनको मजबूर कर रही है। क्या इन दलों को यह पता नहीं है कि इन्हीं कानूनों के कारण ही कश्मीर हिन्दू विहीन हो गया है। क्या यह दल फिर से कश्मीर घाटी को उसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं। देश में एक समान क़ानून होना चाहिए, यह सभी चाहते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर में इसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में अगर धारा 370 बहाल हो जाती है तो निश्चित ही पाकिस्तान परस्त मानसिकता फिर से हाबी हो सकती है और जम्मू कश्मीर फिर से अलगाव की स्थिति में आ सकता है। ऐसी स्थिति न बने, इसलिए कश्मीर में भी देश का संविधान ही लागू रहे, यह समय की मांग है और यह कदम जम्मू कश्मीर के हित का भी है।

## श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा श्री खाटू श्याम कीर्तन का किया आयोजन

समाचार गेट/सुमित गोयल



**बल्लभगढ़।** श्री श्याम सेवा मंडल सेक्टर 65 द्वारा द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन व निशान यात्रा का रविवार को आयोजन किया गया। ज्यादा जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान सोनू गोयल द्वारा बताया गया श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा यह दूसरा श्याम संकीर्तन सेक्टर 65 में करवाया गया है। जिसमें प्रात: 10:00 बजे निशान यात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर संकीर्तन स्थल पर पहुंची। निशान यात्रा में 500 से ज्यादा श्याम प्रेमी ने भाग लिया और शाम 6 बजे श्याम बाबा संकीर्तन शुरू किया गया। जिसमें आमंत्रित कलाकार नितिन श्याम दीवाना फरीदाबाद से, मनोज शर्मा ग्वालियर से, कृष्ण गावा हिसार से आमंत्रित कलाकारों ने सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किये भजनों द्वारा बाबा को रिझाया व मनमोहक झांकियां निकल गई व भव्य दरबार अलौकिक शृंगार इत्र वर्षा श्याम रसोई आदि का आयोजन किया गया है। सहयोगी सदस्य राकेश मित्तल, अमित शर्मा आशुतोष ,विपिन गोयल, अतुल दलाल, गिरधारी गहलोत, विनय, अंकुश, पवन।

# आफताब अहमद ने किया मौलाना अबुल कलाम आजाद को याद, मानू संस्थान पहुंचे विधायक

### विधायक ने मेवात मॉडल स्कूल पहुंच छात्रों से किया संवाद

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



**नूंह।** विधायक चौधरी आफताब अहमद ने देश के प्रथम शिक्षा मंत्री, कांग्रेस के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की 136वीं जयंती के अवसर पर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की। इस दौरान विधायक ने उनके नाम से बने मानू संस्थान में पहुंचकर वहां के हालातों का निरीक्षण किया।

इसके पश्चात विधायक आफताब अहमद मेवात मॉडल स्कूल नूंह पहुंचे जहां उन्होंने छात्रों से बातचीत कर उनकी शिक्षा का जायजा लिया। अब इस स्कूल का नाम बदलकर गवर्मेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह कर दिया है।

कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने कहा कि देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद ने स्वतंत्रता आंदोलन में पंडित नेहरू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया। वह देश की स्वतंत्रता के बाद 12 वर्षों तक देश के शिक्षा मंत्री रहे। उन्होंने देश में नई शिक्षा नीति की आधारशिला रखी। वे साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रबल समर्थक थे।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भारत की आज़ादी में मौलाना आज़ाद के सहयोग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारत की आजादी के बाद मौलाना अबुल कलाम भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी की स्थापना की थी। मौलाना आजाद 35 साल की उम्र में इंडियन नेशनल कांग्रेस के सबसे नौजवान अध्यक्ष बने थे। मौलाना अबुल कलाम आजाद को भारत रत्न से 1992 में मरणोपरांत सम्मानित किया गया था।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जैसे लोगों ने समाज, देश की आज़ादी, ख़ास तौर से समाजी यक्सानियत (समानता) के लिए लड़ाई लड़ी, ताकि आने वाले दिन रोशन और क़ौमी मफाद के हक़ में हों। उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी भारतरत्न अबुल कलाम आजाद जी का स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान रहा है वे काफी विद्वान एवं ऊर्जावान नेता थे, वेह सत्याग्रह के अहम क्रांतिकारी नेता थे, उन्होंने आजादी की लडाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उन्होंने देश में हिंदू-मुस्लिम एकता की नींव रखी। देशहित में उनके द्वारा किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता, आज हम सभी को उनके कृतित्व व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की दरकार है।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद को खिराजे अकीदत देने के लिए ही नूंह में उन्होंने अपनी कांग्रेस सरकार में मानू संस्थान बनवाया था जो दो छात्राओं से शुरू होकर आज खूब फल फूल रहा है। यहां काफी कोर्स अब कराए जा रहे हैं और स्थानीय छात्र छात्राएं इसका लाभ उठा रहे हैं।

दूसरी तरफ विधायक आफताब अहमद मेवात मॉडल स्कूल नूंह पहुंचे जहां उन्होंने छात्रों से मिलकर उससे पढ़ाई लिखाई के बारे में पूछा, शिक्षकों से बात की और स्कूल प्रबंधन के अधिकारियों से मुलाकात की। विधायक ने छात्रों और शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जहां जरूरी होगा उनकी मांगों को सरकार के समक्ष में उठाया जायगा।

हालांकि विधायक आफताब अहमद मेवात मॉडल स्कूल की कार्यप्रणाली से खुश नजर नहीं आए उन्होंने बताया कि अहम विषयों के शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हैं। पहले जब ये स्कूल मेवात डेवलेपमेंट बोर्ड व मेवात विकास एजेंसी द्वारा संचालित थे तो यहां शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर थी लेकिन हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग के अधीन जाने के पश्चात यहां हालात सुधरने के बजाय खराब हुए हैं।

विधायक आफताब अहमद ने बीजेपी सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन स्कूलों में शिक्षकों की पूर्ति कर इनकी गुणवत्ता सुधारी जाय ताकि यहां के लोगों को सही तालीम मिल सके।

# होडल : अगर किसी ने कांग्रेस कार्यकर्ता को डराया धमकाया दिया जाएगा माकूल जबाब : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान




समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** अशोका गार्डन में कांग्रेस हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष उदयभान द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें विधानसभा होडल में चुनाव में हार की समीक्षा की। बीजेपी पर भी जमकर हल्ला बोलते हुए कहा कि बीजेपी ने छल कपट से चुनाव जीता, 14 सीटों पर किए गए थे ईवीएम सेट। वहीं कहा कि होडल से जीते विधायक ने जनता से पेरों में ढोक देकर झूठ बोलकर वोट मांगे थे। उदयभान ने खुले मंच से चेतावनी दी की अगर किसी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ को धमकी दी या उनपर कोई झूठे मुकदमे लगाने की कोशिस की तो उसका जबाब दिया जाएगा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने बीजेपी को जमकर घेरते हुए कहा कि बीजेपी ने झूठ कपट और 28 ईवीएम हैक कर चुनाव जीता है। उदयभान ने कहा कि कांग्रेस 65 सीट जीत रही थी और बीजेपी 20 सीट जीत रही थी हमने ई वी एम जाँच की शिकायत दे रखी है लेकिन सभी एजेंसिया कब्जे में है बीजेपी के कोई जाँच ईमानदारी से नहीं की जा रही है अब हरियाणा के बाद झारखण्ड और महाराष्ट्र में भी ईवीएम सेट करके चुनाव जितने की तैयारी में है बीजेपी।

हमें तैयार रहना होगा सड़को पर आ कर संघर्ष के लिए तैयार होना पड़ेगा उदयभान ने कहा की बीजेपी के अमित शाह ने जो कहा था की 2050 तक बीजेपी राज करेगी अगर बीजेपी को इस बेईमानी से रोका नहीं गया तो अपनी बात पर खरे उतरेंगे बीजेपी ने पूरी गुंडागर्दी मचा रखी है कभी हिन्दू के नाम पर कभी मुशलमान के नाम पर लड़वाते उदयभान ने होडल से विधायक पर भी हमला बोलते हुए कहा की होडल से बीजेपी विधायक हरेंदर ने भी जनता के साथ धोखा किया है चुनाव मैं जनता के बिच जाकर लम्बी ढोक देकर झूठ बोलकर वोट मांगी थी और अब जिस जनता ने उसे वोट दी उसी जनता से कहता है की तुमने मुझे वोट ही नहीं दी वही उदयभान ने चेतावनी देते हुए कहा की अगर किसी ने कांग्रेस कार्य कर्ताओ को डराया धमकाया तो उसका माकूल जबाब दिया जाएगा। उदयभान ने कहा की बीजेपी ने झूठ बेईमानी से चुनाव जीता है अंत में उदयभान ने कहा कि वे चुनाव हारे नहीं, बल्कि ईवीएम हैक कर बेईमानी से हराया गया इस अवसर पर क्षेत्र के दर्जनों गावों के सैंकडों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा सम्मेलन में पहुंचे सभी वक्ताओं ने विधान सभा चुनावों में हुई हार को लेकर विचार रखे और अपने अपने स्तर पर हार की जिम्मेदारी ली। कार्यकर्ता सम्मेलन में सेकड़ो गांव के कार्यकर्ताओ सहित उदयभान के पुत्र राजगोपाल, देवेश कुमार, राजेश शर्मा, अधिवक्ता बंशीलाल सौरोत, महेश कुमार, भूषण बेढ़ा, लाखाराम सौरोत, नरवीर भुलवाना, उदयस बेढा, सुनील भारद्वाज, सतबीर भिडूकी, ब्रहम्मानंनद महाराज, महेश कुमार सहित सैंकडों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 18 व 19 नवंबर को : प्रदीप सिंह मलिक

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी 18 व 19 नवंबर को जिला स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 15 से 29 वर्ष तक की आयु वर्ग के युवाओं के लिए नौ प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में भागीदारी करने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। आवेदन जिला नूंह में स्थित किसी भी नजदीकी आईटीआई संस्थान में किया जा सकता है। इन प्रतियोगिताओं में शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले युवाओं के अलावा न पढ़ने वाले युवा भी भाग ले सकते हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त जिला स्तरीय युवा महोत्सव के आयोजन के संबंध में अपने कार्यालय में आयोजन समिति के सदस्यों को सभी तैयारियां व प्रबंध समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अपनी सभी प्रकार की तैयारियां अभी पूर्ण कर लें। इस महोत्सव में अधिक से अधिक बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित जरूर होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव में प्रतियोगिताओं के साथ-साथ विज्ञान मेला भी आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में लोक नृत्य (ग्रुप), लोक नृत्य (एकल), लोक गीत (ग्रुप), लोक गीत (एकल), कहानी लेखन, कविता, पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस युवा महोत्सव के आयोजन के संबंध में स्कूलों, कालेजों, आईटीआई सहित अन्य युवाओं को भी पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि अधिक से अधिक युवा इसमें प्रतिभागी बन सकें। इस महोत्सव में 15 से 29 वर्ष तक की आयु के वे युवा भी भाग ले सकते हैं, जोकि इस समय कहीं भी नहीं पढ़ रहे हैं। युवा महोत्सव में भाग लेने वाले युवाओं का हरियाणा प्रदेश से संबंधित डोमेसाइल होना जरूरी है। इच्छुक युवा किसी भी नजदीकी आईटीआई में अपना आवेदन अंतिम तिथि तक जमा करवा सकतें है।

जिला युवा समन्वय अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि विज्ञान मेले का विषय विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार है। यह मेला राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषदों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। जिले के युवा अपने वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय नवाचारों को प्रदर्शित करते हुए इस मेले में भाग लेंगे। विज्ञान मेले में प्रतियोगिताएं व्यक्तिगत और समूह दोनों श्रेणियों में आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में व्यावहारिक अनुप्रयोगों, कम खर्च में नवाचार, प्रस्तुति और प्रभाव को आधार बनाया जाएगा। युवाओं को सलाह दी जाती है कि मेले में प्रदर्शनी हेतु मौजूदा प्रणालियों (जैसे बांध, सौर प्रणाली आदि) के मॉडलों और शिल्प कार्यों को यथासंभव प्रस्तुत ना किया जाए। इसके बजाय, प्रदर्शनी का केंद्र बिंदु नवाचार को बनाया जाए। विजेता का मूल्यांकन नवाचार का दृष्टिकोण, प्रस्तुति की गुणवत्ता और उसके प्रभाव के आधार पर किया जाएगा। विज्ञान मेले में भाग लेकर युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपने अनूठे विचार प्रस्तुत करने और नवाचार को बढ़ावा देने का एक अनूठा अवसर प्राप्त होगा।

# विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी की हार का गम नहीं पचा पा रहे कार्यकर्ता

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** बीते अक्टूबर माह में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी की हार का गम वर्कर अभी तक नहीं पचा पाये हैं उम्मीदवार की हार का नाम सुनते ही कार्यकर्ता मार पिटाई पर उतारू हो रहे हैं ऐसा ही एक वाकया सेहलंग गांव में देखने को मिला पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित विकास कुमार ने बताया कि बीती 1 नवंबर को रात्रि 10:30 बजे बस स्टैंड के समीप कुछ व्यक्ति आपस में बातचीत कर रहे थे जिनमें अजीत भी नशे की हालत में उपस्थित था उन्होंने मजाकिया अंदाज में व्यक्तियों की चर्चा के दौरान कह दिया नेताजी अतरलाल क्या रहा वोटो में ? इतना कहते ही अजीत ने गाली-गलौच कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी उसके बाद वह अपनी बाइक पर सवार होकर खेत में चला गया तथा रात्रि 12 बजे वापिस आ रहा था तो आरोपी अजीत उसे ट्रैक्टर लिए हुए रास्ते में मिला जिसने रास्ता रोकर उनकी बाइक को टक्कर मारी जिससे वह नीचे गिर गया और चोटिल हो गया इतना ही नहीं अजीत ने दो-तीन बार ट्रैक्टर को आगे-पीछे कर टक्कर मारी जिससे बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया इस घटना के बाद अजीत धमकी देकर फरार हो गया घायल विकास को ग्रामीण अंकित ने सीएचसी सेहलंग में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर महेंद्रगढ़ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया महेंद्रगढ़ अस्पताल के चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोपी अजीत के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# दिल्ली से चुराई गई बाइक सहित आरोपी पर क्राइम ब्रांच होडल ने कसा शिकंजा




समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्र मोहन, पुलिस अधीक्षक पलवल द्वारा जिला पुलिस को वाहन चोरों पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश जारी किए हुए हैं। निर्देशों की पालना के तहत क्राइम ब्रांच होडल ने दिल्ली से चुराई गई मोटरसाइकिल सहित आरोपी को गिरफ्तार करने में विशेष सफलता हासिल की है। मामले की जानकारी देते हुए क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि 10 नवंबर 2024 को सहायक उप निरीक्षक सुंदर सिंह अपनी टीम के साथ बराये गस्त पडताल क्राईम करमन बोर्डर पर मोजुद था कि विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि सहबाज उर्फ नेहना पुत्र आस मो० निवासी नूंह जो चोरी का काम करता है। जो आज भी एक मोटरसाईकिल सप्टेंडर प्लस रंग काला जिस पर नम्बर प्लेट नहीं है। चोरीशुदा को बेचने के लिए होडल होता हुआ मथुरा जायेगा। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बिना किसी देरी के उजीना ड्रेन पर नाकाबंदी कर युवक उक्त को मोटरसाइकिल सहित काबू किया। बाईक के इंजन एवं चैचिस न0 के आधार पर जांच पड़ताल में उक्त मोटरसाइकिल मुताबिक मुकदमा थाना सनलाइट कॉलोनी दक्षिण पूर्वी दिल्ली क्षेत्र से चोरी होनी पाई गयी। मोटरसाईकिल उपरोक्त को कब्जा पुलिस मे लिया गया तथा इस संबंध में थाना होडल मे मुकदमा दर्ज रजिस्टर किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना संबंधित दिल्ली पुलिस को भी दी गई है। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

# जिला में अब तक 22874 मीट्रिक टन बाजरा व 15572 एमटी धान की हुई खरीद : एडीसी

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की अनाज मंडियों में अब तक 15572 मीट्रिक टन धान और 22874 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई है। नूंह, तावडू, फिरोजपुर-झिरका, पुन्हाना, पिनगवां की अनाज मंडियों में समर्थन मूल्य पर बाजरा व धान की खरीद निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक हैफेड की ओर से तावडू अनाज मंडी में 9313 एमटी, फिरोजपुर-झिरका अनाज मंडी में 6144 मीट्रिक टन बाजरा खरीदा जा चुका है, जबकि हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन की ओर से नूंह मंडी में 1195 तथा पुन्हाना मंडी में 5112 एमटी बाजरा व पिनगवां मंडी में 1110 एमटी बाजरे की खरीद की जा चुकी है और 22034 टन बाजरे का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिला में 15572 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है तथा 15572 एमटी धान का उठान भी हो चुका है। प्राईवेट डिलरों द्वारा नूंह में 10289 एमटी, पुन्हाना अनाज मंडी में 5283 एमटी धान की खरीद की हो चुकी है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# हमारे पास केंद्र सरकार से ज्यादा धन, मेरे सामने उनकी क्या औकात?

## पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा–9 हजार बीघा ज़मीन गरीबों को बांटी



**रांची (एजेंसी)।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने झारखंड के चक्रधरपुर में एक चुनावी सभा में पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि उनके पास केंद्र सरकार से ज्यादा धन है और उन्होंने 9 हजार बीघा ज़मीन गरीबों को बांटी है। इसके अलावा उन्होंने कोरोना महामारी में पीएम मोदी के निजी सहायक को दवा नहीं मिल रही थी, तब उन्होंने पीएम के पीए को दवा पहुंचाई थी। मेरे सामने मोदी की क्या औकात है? यादव ने आगे दावा किया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान सात करोड़ रुपए की रेमडेसिविर दवा खरीदकर लोगों में बांटी थी और हर गरीब के घर-घर पैसा पहुंचाया था। पप्पू यादव इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में झारखंड में चुनावी रैलियां कर रहे हैं।

पप्पू यादव ने दावा किया कि वह अकेले पूरे देश का इलाज करवा सकते हैं और उन्होंने यह भी कहा कि मैंने पूरे कोरोना काल में हर गरीब को दो-दो हजार रुपए दिए। क्या किसी और की इतनी औकात है? उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए टारगेट कभी मोदी या अन्य नेता नहीं होते, बल्कि उनका मुख्य उद्देश्य देश के गरीबों की मदद करना होता है।

इसके अलावा यादव ने शारदा चिटफंड घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा का नाम शारदा घोटाले में आया था और सीबीआई ने उनके यहां छापेमारी की थी। उन्होंने कहा कि 2014 में सीबीआई ने हिमंत बिस्वा सरमा से 4 घंटे तक पूछताछ की थी। आज वह किस पार्टी में हैं? पप्पू यादव के इस आरोप से उनकी आलोचना करने वालों को भी मौका मिला है, लेकिन यादव ने कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहेंगे।

पप्पू यादव ने अपनी पार्टी के कामकाजी सिद्धांतों और पीएम मोदी के नेतृत्व पर भी सवाल उठाए और अपने समर्थन में लोगों से वोट करने की अपील की। यादव का यह बयान आगामी चुनावों में एक नया मोड़ ला सकता है, क्योंकि उनके बयानों ने एक बार फिर मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने का काम किया है।

# झारखंड में भाजपा की जड़ें उखाड़ देगा 'इंडिया' गठबंधन : लालू

रांची । राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने दावा किया कि झारखंड में सत्तारूढ़ 'इंडिया' गठबंधन राज्य विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जड़ें उखाड़ देगा। लालू ने कहा कि 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) गठबंधन भाजपा की तुलना में कहीं अधिक ताकतवर राजनीतिक शक्ति बनकर उभरा है। 'इंडिया' गठबंधन में राजद भी शामिल है।



झारखंड के कोडरमा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लालू ने कहा, 'हम भाजपा की जड़ें उखाड़ देंगे और वह कभी वापसी नहीं कर सकेगी। भाजपा हमारी ताकत के आगे बेबस है।' बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन बनाने में अहम भूमिका निभाई, जो देश में भाजपा के खिलाफ एक मजबूत ताकत के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा, 'मैंने कोडरमा के विकास में योगदान दिया है। इसलिए, हमारे उम्मीदवार सुभाष यादव को वोट देना न भूलें और उनकी जीत सुनिश्चित करें।' कोडरमा विधानसभा क्षेत्र दस साल पहले तक राजद का मजबूत गढ़ हुआ करता था। हालांकि, 2014 में भाजपा की नीरा यादव ने राजद से यह सीट छीन ली। नीरा कोडरमा से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करने की उम्मीद के साथ एक बार फिर मैदान में हैं। राजद के सुभाष यादव इस बार 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर कोडरमा से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें राजद सुप्रीमो का करीबी सहयोगी माना जाता है। उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में सुभाष यादव को हाल ही में जमानत दी थी।

# सिर्फ दिवाली पर नहीं, पटाखों पर साल भर हो प्रतिबंध

### –शादी व चुनाव में छूट पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से जताई नाराजगी

नई दिल्ली। पटाखों पर बैन सिर्फ दिखावा है। क्या किसी को प्रदूषण फैलाने का मौलिक अधिकार है? सिर्फ दिवाली पर ही नहीं, शादी और चुनाव जीतने के दौरान पटाखे जलाए जा रहे हैं उन पर पुलिस ने क्या कार्रवाई की है? प्रतिबंध पूरे साल होना चाहिए। यह बात दिल्ली पुलिस से सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली पर पटाखों पर बैन लगाने को लेकर नाराजगी जताते हुए कही। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पटाखा बैन पर स्पेशल टास्क फोर्स का गठन करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि कमिश्नर तुरंत एक्शन लें और पटाखों की ऑनलाइन बिक्री बंद करवायें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या दिल्ली पुलिस यह दावा कर रही है कि दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लागू है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध था। क्या पुलिस ने बिक्री पर प्रतिबंध लगाया।

**कोई धर्म प्रदूषण नहीं बढ़ाता, यह लोगों के स्वास्थ्य के अधिकार का मामला**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई धर्म प्रदूषण को बढ़ावा नहीं देता। यह लोगों के स्वास्थ्य के अधिकार का मामला है। दिल्ली सरकार पूरे साल पटाखों पर बैन का विचार करे। दिल्ली पुलिस कमिश्नर इसके लिए निजी हलफनामा पेश करें।

# वक्फ संशोधन के नाम पर मुसलमानों को भूमिहीन बनाने की साजिश : इमरान मसूद



नई दिल्ली। सहारनपुर से सासंद और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के सदस्य इमरान मसूद ने कहा कि वक्फ संशोधन के नाम पर मुसलमानों को भूमिहीन बनाने की साजिश की जा रही है। वह रविवार रात यहां मोती डूंगरी रोड पर हुई 'तहफ्फुजे औकाफ कॉन्फ्रेंस' में बोल रहे थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को उनकी पुश्तैनी जमीन से बेदखल करने के मकसद से 'विमर्श' गढ़ने की कोशिश कर रही है। मसूद ने कहा कि मुसलमानों के सार्वजनिक जमीनों पर अतिक्रमण करने संबंधी दावे ''भ्रामक'' हैं और ये प्रस्तावित संशोधन को सही ठहराने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल मुसलमानों के स्वामित्व वाली संपत्तियों को ही सरकार की जांच का सामना करना पड़ रहा है। मसूद ने कहा कि यह ''मुसलमानों को भूमिहीन करने की योजना'' का हिस्सा है। आदर्श नगर से विधायक रफीक खान ने कहा कि जेपीसी को विधेयक पर वास्तविक हितधारकों के विचारों को समझने के लिए उनसे मशविरा करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इसके बजाय, वह ऐसे व्यक्तियों और समूहों को समय दे रही है जो न तो हितधारक हैं और न ही उन्हें वक्फ की कोई समझ है।'' खान ने कहा, ''यह निराशाजनक है कि जेपीसी के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ऐसे व्यक्तियों को प्रस्तुति देने की अनुमति दे रहे हैं जिनका ध्यान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करने या इससे इतर मामलों पर चर्चा करने पर रहता है।

# मैं व्यवस्था को पहले से बेहतर स्थिति में छोड़कर जा रहा हूं

### –पूर्व चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने रिटायरमेंट के बाद कई मुद्दों पर रखे विचार



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ रविवार को अपने पद से रिटायर हो गए। उनकी जगह आज यानी सोमवार को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सीजेआई पद की शपथ ली। रिटायरमेंट के बाद जस्टिस चंद्रचूड़ ने कई मुद्दों पर अपनी राय रखी। अपने आखिरी साक्षात्कार में उन्होंने नफरत फैलाने वाले भाषण, आरक्षण, कार्यपालिका-न्यायपालिका संबंधों और जजों के वेतन जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने एक बात और कही कि मुझे लगता है कि मैंने व्यवस्था को पहले से बेहतर स्थिति में छोड़कर जा रहा हूं, जहां वह पहले था।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने आठ साल से ज्यादा समय तक सुप्रीम कोर्ट के जज और पिछले दो साल तक चीफ जस्टिस के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था कि उन्हें लगता है कि उन्होंने व्यवस्था को उससे बेहतर बनाया है जितना उन्हें मिला था। उन्होंने दिव्यांग अधिकारों, सूचना के अधिकार, आर्थिक संघवाद और लिंग और जातिगत भेदभाव के संदर्भ में समान अवसर के सिद्धांत पर दिए गए अपने फैसलों का जिक्र किया। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के साथ नफरत फैलाने वाले भाषणों का असर कई गुना बढ़ गया है और ये लोगों के मन और भावनाओं पर गहरा असर डाल रहे हैं।

इस सवाल का जवाब में चंद्रचूड़ ने कहा कि लोकतंत्र के कोई समान घटक नहीं हैं जिन्हें हर देश को यह तय करने के लिए पूरा करना चाहिए कि वह लोकतांत्रिक रूप से काम कर रहा है। भारत में लोकतांत्रिक कामकाज का आधार, जहां हम अपनी अनूठी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, अन्य देशों में लोकतंत्र के आधार से अलग है। उन्होंने आगे कहा कि भारत में हम लोकतंत्र की केवल राजनीतिक समझ को नहीं मानते हैं। चुनाव या प्रतिनिधित्व से संबंधित मुद्दे जैसे मतदान का अधिकार या सीमा निर्धारण, लोकतांत्रिक शासन का हिस्सा हैं।

# अखिलेश यादव का हमला, युवाओं से धोखा करने वाली बीजेपी को हराना अब वक्त की जरूरत है

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला और कार्यकर्ताओं से आगामी उपचुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से जुटने की अपील की। अखिलेश यादव ने बीजेपी पर कई गंभीर आरोप लगाए और कहा कि यह सरकार जनता से किए गए अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह से विफल रही है। उन्होंने बीजेपी द्वारा किए गए वादों की याद दिलाते हुए कहा कि सरकार की नीतियां न केवल जनता के लिए नुकसानदायक रही हैं, बल्कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था भी पूरी तरह से खराब हो चुकी है।

अखिलेश यादव ने बेरोजगारी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि यह समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार इस मुद्दे पर कोई ध्यान नहीं दे रही है, और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार सृजन की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। अखिलेश ने कहा, 'बीजेपी सरकार युवाओं से किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रही है और इस कारण वे लगातार नाराज हैं।' उन्होंने कहा कि सपा हमेशा से युवाओं के हक के लिए लड़ती आई है, और आगामी उपचुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहकर काम करना होगा।

सपा अध्यक्ष ने बीजेपी की नकारात्मक राजनीति पर भी कड़ा विरोध जताया और कहा कि पार्टी देश की जनता के असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के प्रयास कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जिस दिशा में बढ़ रही है, वह वही से जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में आगामी उपचुनाव के परिणाम बीजेपी के लिए चिंताजनक हो सकते हैं। उनका दावा था कि बीजेपी को गठबंधन ने पहले भी हराया था और अब पार्टी प्रदेश में पीडीए (प्रगतिशील लोकतांत्रिक गठबंधन) से डरने लगी है।

सम्भल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने भी इस जनसभा में बीजेपी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कुंदरकी उपचुनाव के लिए पुलिस को हटाकर एक निष्पक्ष चुनाव करवाना चाहिए। बर्क ने यह भी दावा किया कि बीजेपी की तमाम कोशिशों के बावजूद जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर बना हुआ है, और आगामी उपचुनाव में सपा की जीत सुनिश्चित है।

अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में भी एक बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का गुस्सा किसी और वजह से है। उन्होंने यह आरोप लगाया कि दिल्ली में यह फैसला हो चुका है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद योगी आदित्यनाथ की मुख्यमंत्री पद की कुर्सी खतरे में आ सकती है। अखिलेश ने बीजेपी की कुटिलता और विनाशकारी मानसिकता की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार केवल विभाजन की राजनीति पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जबकि प्रदेश की असल समस्याओं की ओर उनका कोई ध्यान नहीं है। नौकरी और रोजगार के मुद्दे पर अखिलेश ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में घोटाले और प्रश्नपत्र लीक होने जैसी घटनाएं युवाओं के लिए गंभीर समस्या बन चुकी हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि आरक्षण के मामले में बीजेपी सरकार द्वारा दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़े वर्गों के अधिकारों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। अखिलेश ने पार्टी कार्यकर्ताओं को यह निर्देश दिया कि वे आगामी चुनाव में पुलिस-प्रशासन द्वारा वोटिंग में हेरफेर की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त न करें। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर किसी अधिकारी ने वोटर लिस्ट में किसी भी तरह की गड़बड़ी की या वोट काटने की कोशिश



की, तो सपा उस अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से यह भी कहा कि वे वोटर लिस्ट की निगरानी करें और अगर किसी का नाम हटाया जाता है तो उसकी फोटो कॉपी तैयार रखें ताकि उसे अदालत में सबूत के तौर पर पेश किया जा सके।

अखिलेश ने जनता से भी अपील की कि वे हर घटना का वीडियो और फोटो रिकॉर्ड करें ताकि भविष्य में सबूत के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार महिलाओं का सम्मान नहीं करती और केवल बाहरी दिखावे का ढोंग रच रही है। अखिलेश ने विश्वास दिलाया कि समाजवादी पार्टी आगामी चुनाव में शानदार जीत हासिल करेगी और आने वाला समय समाजवादियों का होगा अखिलेश यादव ने जनता से एकजुट होकर आगामी उपचुनाव में बीजेपी को हराने का आह्वान किया और भरोसा जताया कि सपा के नेतृत्व में प्रदेश में बदलाव आएगा।

# छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में हाथी मृत पाया गया

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में सोमवार को धान के खेत में एक हाथी मृत पाया गया। वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक वन अधिकारी ने बताया कि नर हाथी का शव आज सुबह वाड्राफनगर वन रेंज के अंतर्गत मुरका गांव में बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि हाथी छह हाथियों के झुंड का हिस्सा था जो पिछले कुछ दिनों से इलाके में घूम रहा था। अधिकारी ने बताया कि सुबह इसकी सूचना मिलने के बाद वनकर्मी मौके पर पहुंचे और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने बताया कि मौत के पीछे का सही कारण जानने के लिए जांच चल रही है। जांच के बाद ही जानकारी मिल सकेगी कि हाथी की मौत करंट लगने से हुई या इसका कोई अन्य कारण हो सकता है। राज्य के रायगढ़ जिले के एक वन क्षेत्र में 26 अक्टूबर को एक शावक सहित तीन हाथियों की करंट लगने से मौत हो गई थी। एक नवंबर को बिलासपुर जिले में एक हाथी के शावक की करंट लगने से मौत हो गई थी। अधिकारियों ने पहले बताया था कि छत्तीसगढ़ में पिछले छह सालों में करीब 80 हाथियों की मौत हुई है, जिसकी वजह बीमारी और उम्र से लेकर बिजली का करंट तक है। राज्य के उत्तरी हिस्से में मानव–हाथी संघर्ष पिछले एक दशक से चिंता का प्रमुख कारण रहा है। मुख्य रूप से सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, सूरजपुर और बलरामपुर जिले इस खतरे का सामना कर रहे हैं।

# ओडिशा के बालासोर में बंद पड़ी पत्थर खदान से मानव कंकाल मिला

ओडिशा के बालासोर जिले के तियाकाटा गांव में पुलिस ने एक बंद पड़ी पत्थर खदान से एक मानव कंकाल बरामद किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को नीलगिरी उपखंड के बेरहामपुर इलाके में एक सुदूर पहाड़ी इलाके में लंबे समय से बंद पड़ी एक पत्थर खदान से कंकाल बरामद किया गया। पुलिस को कंकाल के बारे में तब पता चला जब कुछ स्थानीय लोगों ने बकरी चराने के लिए जंगल में जाते समय इसे देखा। नीलगिरि के उप–विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सरोज कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच के लिए सोमवार सुबह पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि कंकाल के नमूने जांच के लिए फोरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी (एफएमटी) भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया, 卐हम जंगल में इस सुनसान और दुर्गम स्थान से बरामद कंकाल के विवरण के बारे में फिलहाल कुछ नहीं जानते हैं।卐 पुलिस ने बताया कि यह हत्या, आत्महत्या या फिर जंगल में टहलते समय लापरवाही के कारण किसी व्यक्ति के खाई में गिरने का मामला हो सकता है।

# एक हजार किमी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करेगी नेवी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक हजार किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक के टारगेट पर हमला करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का नेवी परीक्षण करने जा रही है। ये वो मिसाइल है जो सरफेस शिप्स और तटीय ठिकानों दोनों से ही टारगेट को भेदने की ताकत रखती है। भारतीय रक्षा बलों की मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मिसाइल का टेस्ट अगले कुछ दिनों में होने वाला है। इसे देश के पूर्वी तट पर किया जाएगा। इस मिसाइल प्रणाली के जरिये नौसेना को बैलिस्टिक मिसाइलों का मजबूत भंडार बनाने में मदद मिलेगी। इसका इस्तेमाल संघर्षरत देशों में किया जा रहा है। ये मिसाइल्स नौसेना को सरफेस शिप्स और तटीय ठिकानों दोनों से ही टारगेट को भेदने में सक्षम बनाएंगी।

बता दें कि हाल ही में पाकिस्तान ने भी हाल ही में युद्धपोत से 350 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। पाकिस्तानी नौसेना ने बताया था कि 350 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाला यह मिसाइल सिस्टम जमीन और समुद्र के टारगेट्स को अत्यंत सटीकता से भेदने में सक्षम है। हालांकि, भारत जिस मिसाइल का परीक्षण करने वाला है, उसकी रेंज पाकिस्तान के इस मिसाइल सिस्टम से काफी ज्यादा है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) रक्षा बलों के लिए हाइपरसोनिक मिसाइलें भी बना रहा है। बता दें कि रॉकेट फोर्स बनाने का फैसला भारत की मध्यम दूरी की मारक क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान और चीन के पास ये पहले से ही मौजूद है। अधिकारियों के मुताबिक प्रलय मिसाइलों का वर्तमान में बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा रहा है। इनके जल्द ही ऑपरेशनल सर्विस के लिए तैयार होने की उम्मीद है।सॉलिड प्रोपेलेंट रॉकेट मोटर से चलने और कई नई तकनीकों वाली इन मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर है। रॉकेट फोर्स परियोजना सामरिक रॉकेट फोर्स विकसित करने के सशस्त्र बलों के प्रयासों को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी। बता दें कि सेनाएं सीमा पर खतरों का मुकाबला करने के लिए रॉकेट फोर्स के निर्माण पर काम कर रही हैं।

# बारिश-भूस्खलन का असर, चार धाम में 10 लाख श्रद्धालु घटे

### –अब तक 46.74 लाख यात्रियों ने किए दर्शन




**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में बारिश और भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के चलते इस साल चार धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई है। अब तक 46.74 लाख यात्रियों ने चारधाम के दर्शन किए हैं। बता दें कि ठंड बढ़ने के साथ उत्तराखंड के चारधामों में कपाट बंद हो जाते हैं।? केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा पूरी हो चुकी है। 17 नवंबर को बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ यात्रा का समय पूरा हो जाएगा। इस बार चारधाम यात्रा मार्ग पर बारिश 20 दिन ज्यादा रही। इस कारण सामान्य से 12 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई। सामान्य तौर पर यहां 1121 एमएम बारिश होती है पर इस बार 1230 एमएम बारिश हुई। केदारनाथ की सड़क एक महीना बंद रही मई से लेकर जुलाई मध्य तक करीब 31 लाख श्रद्धालु चारधाम यात्रा कर चुके थे। इसके बाद मॉनसून की जोरदार बारिश के कारण प्राकृतिक आपदाओं का कहर टूट पड़ा। 31 जुलाई की रात केदारनाथ पैदल मार्ग में बादल फटने के बाद सोन प्रयाग के पास करीब 150 मीटर हाईवे बंद हो गया। हाइवे दोबारा तैयार होने में एक महीने से अधिक समय लगा।

### 2023 में रिकार्ड लोगों ने की थी यात्रा

2023 में यात्रियों की संख्या 56 लाख से अधिक थी। ये यात्रा के इतिहास में सबसे अधिक यात्रियों की संख्या होने का रिकॉर्ड है। चार धामों में सबसे अधिक श्रद्धालु केदारनाथ पहुंच रहे हैं। इस साल 16.52 लाख श्रद्धालुओं ने केदारनाथ के दर्शन किए। वहीं,12.98 लाख बद्रीनाथ, 8.15 लाख गंगोत्री और 7.14 लाख श्रद्धालुओं ने यमुनोत्री धाम के दर्शन किए। 1.83 लाख श्रद्धालु श्री हेमकुंटसाहिब भी दर्शन को पहुंचे। पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदिकैलाश के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए बंद हो चुके हैं। इस साल आदिकैलाश में 40 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। जो यहां पहुंचने वाले यात्रियों की आज तक की सबसे बड़ी संख्या है।

# अमेरिका में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी

### –2023 में 41,330 शरण आवेदन आए जिसमें सबसे ज्यादा गुजराती थे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या में पिछले तीन सालों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी के आंकड़ों के मुताबिक 2021 में 4,330 शरण आवेदक थे, जबकि 2023 में यह संख्या 855 फीसदी से बढ़कर 41,330 पर पहुंच गई है।

भारतीय अधिकारियों का कहना है कि इन आवेदकों में से आधे से ज्यादा गुजरात के रहने वाले हैं। 2023 में भारतीयों द्वारा की गई शरण आवेदन संख्या अमेरिका में रक्षात्मक शरण मांगने वालों में पांचवीं सबसे बड़ी थी, जबकि पॉजिटिव शरण आवेदनों में यह सातवीं सबसे बड़ी संख्या थी। 2023 शरणार्थी एनुअल फ्लो रिपोर्ट में बताया गया था कि 2023 में 5,340 भारतीयों को अमेरिका में शरण मिली थी।

वित्त वर्ष 2021 में शरण आवेदनों की संख्या 4,330 थी, जिसमें अफर्मेटिव और डिफेंसिव दोनों प्रकार के आवेदन थे। 2022 में यह संख्या करीब तीन गुना बढ़कर 14,570 हो गई। 2023 में यह बढ़ोतरी जारी रही और भारतीय शरण आवेदनों की संख्या 41,330 हो गई, जो पिछले साल से करीब तीन गुना ज्यादा थी। अफर्मेटिव आवेदन वे होते हैं जब कोई व्यक्ति निष्कासन प्रक्रिया में नहीं है और वह सीधे अमेरिकी नागरिकता और इमिग्रेशन सर्विसेज के जरिए से शरण के लिए आवेदन करता है। अगर इमिग्रेशन सर्विसेज आवेदन को अस्वीकार कर देता है, तो व्यक्ति को निष्कासन कार्यवाही में भेजा जाता है। डिफेंसिव आवेदन वे होते हैं जब कोई व्यक्ति निष्कासन प्रक्रिया में शामिल होता है और शरण के लिए न्यायालय में आवेदन करता है, ताकि उसे निष्कासन से बचाया जा सके। 2023 में 5,340 भारतीयों को शरण मिली, जिसमें से 2,710 अफर्मेटिव आवेदन और 2,630 डिफेंसिव आवेदन थे। इस प्रकार भारत अफर्मेटिव शरण अनुदान के मामले में दुनिया के प्रमुख देशों में पांचवे स्थान पर पहुंच गया है।



# रिलायंस का मार्केट कैप 74,563 करोड़ गिरा, टॉप-10 में से 6 की कंबाइंड वैल्यू

**मुंबई, एजेंसी।** मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप पिछले हफ्ते 74,563 करोड़ रुपए कम हुआ है। एक हफ्ते पहले कंपनी की वैल्युएशन 18.12 लाख करोड़ रुपए थी, जो घटकर 17.37 लाख करोड़ रुपए रह गई है।

रिलायंस के अलावा, टेलिकॉम कंपनी एयरटेल की वैल्युएशन 26,275 करोड़ कम होकर 8.94 लाख करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक की 22,255 करोड़ कम होकर 8.88 लाख करोड़ रुपए, आईटीसी की 15,449 करोड़ कम होकर 5.98 लाख करोड़, एलआईसी की 9,930 करोड़ कम होकर 5.79 लाख करोड़ और हिंदुस्तान यूनिलीवर की वैल्युएशन 7,248 करोड़ रुपए कम होकर 5.89 लाख करोड़ रुपए रह गई है।

इधर, शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेड का मार्केट कैप 57,745 करोड़ रुपए बढ़कर 14,99,697 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, इंफोसिस का मार्केट कैप 28,839 करोड़, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का 19,813 करोड़ और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 14,678 करोड़ रुपए बढ़ा है।




बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार, 8 नवंबर को सेंसेक्स 55 अंक की गिरावट के साथ 79,486 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 51 अंक की गिरावट रही, ये 24,148 के स्तर पर बंद हुआ। हफ्तेभर के कारोबार के बाद बाजार में 238 अंक की गिरावट रही। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 850 गिरकर 54,913 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में गिरावट और 23 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 2.90 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ।

देश में दो-तीन साल से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्राओं का चलन बढ़ा। इसके चलते ट्रैवल इंश्योरेंस की डिमांड बढ़ रही है। हाल ही में कई फ्लाइट्स में बम की धमकियों के चलते यात्रा में देरी हुई या यात्रा रद्द करनी पड़ी। फ्लाइट लेट होने जैसी स्थितियों में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशों के मुताबिक संबंधित एयरलाइंस को भोजन, वैकल्पिक उड़ान या फुल टिकट रिफंड की व्यवस्था करनी होती है।

हालांकि, यह राहत तब लागू नहीं होती जब देरी असाधारण घटनाओं, जैसे बम की आशंका के कारण होती है, जो एयरलाइन के नियंत्रण से बाहर है। इसका मतलब है कि फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी के चलते यदि यात्रा रद्द होती है तो नुकसान की भरपाई एयरलाइन नहीं करेगी। ऐसे में ट्रैवल इंश्योरेंस से राहत मिल सकती है। मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय यात्री ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी की शर्तों के आधार पर बम की आशंका से हुई देरी या फ्लाइट डाइवर्ट होने के लिए रिफंड का दावा कर सकते हैं। इंटरनेशनल ट्रैवल इंश्योरेंस में 4 लाख तक कवरेज इंटरनेशनल ट्रैवल पॉलिसियां अक्सर बड़े मुआवजे के साथ आती हैं। ट्रिप डिले कवरेज 4200 से 84 हजार रुपए तक हो सकता है। इंश्योरेंस कंपनियां आपात स्थिति में होटल में रुकने के लिए 4 लाख रुपए तक का कवरेज देती हैं। साथ ही, रास्ते में फंसने पर 10,500 रुपए प्रति दिन के हिसाब से अलाउंस भी ऑफर भी करती हैं। हालांकि यह कवरेज पॉलिसी और इंश्योरेंस कंपनी पर निर्भर करता है।

## थम्स अप की साल की सबसे बड़ी साझेदारी : अल्लू अर्जुन बने नए ब्रांड एंबेसडर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लोकप्रिय घरेलू ब्रांड, कोका-कोला ने अपने दमदार तूफानी अंदाज़ में एक नया टीज़र लॉन्च किया है, जिसमें सुपरस्टार अल्लू अर्जुन का जबरदस्त अंदाज दिख रहा है। इस टीज़र ने रोमांच बढ़ा दिया है, और फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि आगे क्या खास देखने को मिलेगा। खास बात यह है कि यह टीज़र 'पुष्पा 2' के बहु-प्रतीक्षित ट्रेलर के साथ रिलीज हो रहा है, जिससे दर्शकों के बीच यह जानने की उत्सुकता बढ़ गई है कि इस धमाकेदार फिल्म में थम्स अप का क्या खास रोल होगा। यह टीज़र विशेष रूप से अल्लू अर्जुन के फैंस को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो थम्स अप के निडर और रोमांचक अंदाज़ को पसंद करते हैं। कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया की स्पार्कलिंग फ्लेवर्स कैटेगरी की हेड, सुमेली चटर्जी ने कहा, हम हमेशा ऐसी कहानियाँ पेश करना चाहते हैं, जो हमारे फैंस के दिल में रोमांच पैदा करें। थम्स अप के कैम्पेन भी सही समय पर एक खास जोश जगाने का काम करते हैं। चाहे वह नई साझेदारियाँ हों या प्रशंसकों के पसंदीदा पलों को संजोना, हमारा उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए साहसी और यादगार अनुभव लाना है। अल्लू अर्जुन के साथ यह नया सफर आगे भी रोमांचक बनेगा, तो हमारे साथ जुड़े रहें क्योंकि अभी बहुत कुछ बाकी है!

## रेलवे ने स्वच्छता अभियान में 2.5 लाख शिकायतें निपटाईं, कबाड़ से 452 करोड़ रुपये जुटाए



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेलवे बोर्ड ने कहा कि एक महीने तक चले स्वच्छता अभियान में 2.5 लाख सार्वजनिक शिकायतों का समाधान किया गया, सांसदों के 1,065 संदर्भों को निपटाया गया और कबाड़ का निपटान कर 452 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया गया। रेलवे बोर्ड ने एक बयान में कहा कि रेल मंत्रालय ने गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को शुरू की गई स्वच्छता पहल 'विशेष अभियान 4.0' को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। हाल ही में समाप्त हुए इस अभियान को स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देने, संगठनात्मक दक्षता में सुधार करने और भारतीय रेलवे में कर्मचारियों और जनता को सार्थक तरीकों से जोड़ने के लिए तैयार किया गया था। रेलवे बोर्ड ने कहा कि भारतीय रेलवे में कुल 56,168 स्वच्छता कार्यक्रम चलाए गए, जिनमें कार्यस्थल की स्वच्छता और रेलवे स्टेशनों की सफाई पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान कबाड़ निपटान कर 12.15 लाख वर्ग फुट जगह मुक्त कराई गई और 452.40 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न हुआ। अभियान के दौरान रेलवे ने संसद सदस्यों के 1,065 संदर्भों का समाधान किया, 138 राज्य सरकार के संदर्भों को संबोधित किया, 69 पीएमओ संदर्भों में से 65 को मंजूरी दी, 2.5 लाख सार्वजनिक शिकायतों और 1,427 सार्वजनिक शिकायत अपीलों का समाधान किया। बोर्ड ने कहा कि रेल चौपाल के आयोजन से सामुदायिक जुड़ाव में मदद मिली। नयी दिल्ली, जयपुर, चेन्नई, नागपुर, कोटा, जोधपुर, लखनऊ, पुणे, भोपाल, कोलकाता जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष रेल चौपाल का आयोजन किया गया।

## जीआर इंफ्रा को बीएसएनएल से मिला बड़ा कॉन्ट्रैक्ट, शेयर पर रखें नजर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड को बीएसएनएल से भारत नेट फेज-3 प्रोजेक्ट के लिए बड़ा ठेका मिला है, जिस पर निवेशकों की नजरें टिकी हैं। कंपनी ने केरल में भारत नेट फेज-3 (मिडिल माइल) प्रोजेक्ट के पैकेज-16 के लिए सबसे कम बोली लगाई है, जो 867.54 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) की है। जीआर इंफ्रा इस परियोजना के लिए रु बिडर यानी सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में सामने आई है। इस परियोजना में मिडिल माइल नेटवर्क का डिज़ाइन, सप्लाई, निर्माण, इंस्टॉलेशन, अपग्रेडेशन, ऑपरेशन और मेंटेनेंस शामिल हैं। इस कॉन्ट्रैक्ट को डिजाइन-बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर मोड पर किया जाएगा, जिसके तहत जीआर इंफ्रा नेटवर्क निर्माण के बाद इसे बीएसएनएल को सौंपेगी। कंपनी के शेयरों में इस खबर का असर देखने को मिल सकता है। सोमवार को जीआर इंफ्रा का शेयर 2.00त्न गिरकर 1,597.25 रुपये पर बंद हुआ, लेकिन पिछले एक साल में इसमें 38.64त्न की बढ़ोतरी हुई है

## टॉप-10 में से 6 कंपनियों के एम-कैप में हुई भारी गिरावट, आरआईएल को हुआ सबसे ज्यादा नुकसान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में बिकवाली भरे कारोबार का असर देखने को मिला। जी हां, स्टॉक मार्केट में हो रहे उतार-चढ़ाव भरे कारोबार से जहां एक तरफ निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं दूसरी तरफ बाजार की टॉप-10 फर्म के एम-कैप पर भी इसका असर हुआ है। पिछले सप्ताह शेयर बाजार की टॉप-10 कंपनियों में से 6 कंपनियों के एम-कैप में भारी गिरावट आई है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार 6 कंपनियों के एम-कैप में संयुक्त रूप से 1,55,721.12 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। हालांकि. चार कंपनियों के एम-कैप में तेजी देखने को मिली है। पिछले हफ्ते रिलायंस इंडस्ट्रीज के एम-कैप में भारी गिरावट आई, जिसकी वजह से यह टॉप लूजर रहा। इन कंपनियों के एम-कैप में हुई गिरावट देश की सबसे बड़ी वैल्यूएशन वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन में इस हफ्ते भारी गिरावट देखने को मिली। कंपनी का एम-कैप 74,563.37 करोड़ रुपये गिरकर 17,37,556.68 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 22,254.79 करोड़ रुपये कम होकर अब 8,88,432.06 करोड़ रुपये हो गया है। आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 15,449.47 करोड़ रुपये घटकर 5,98,213.49 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम‸ का बाजार मूल्यांकन 9,930.25 करोड़ रुपये घटा।

## एलन मस्क की कुल संपत्ति में बड़ा इजाफा, तीन साल में पहली बार 300 बिलियन डॉलर के पार



न्यूयॉर्क सीएफआरए रिसर्च के वरिष्ठ इक्विटी विश्लेषक गैरेट नेल्सन ने बताया कि टेस्ला और सीईओ एलन मस्क शायद चुनाव परिणाम से सबसे बड़े विजेता हैं। हमारा मानना है कि ट्रंप की जीत कंपनी को और आगे बढ़ाने की रफ्तार में तेजी लाने में मदद करेगी।

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कुल संपत्ति तीन साल में पहली बार 300 बिलियन डॉलर को पार कर गई। फोर्ब्स रियल-टाइम अरबपतियों की सूची के मुताबिक, मस्क की संपत्ति 300 बिलियन डॉलर से अधिक हो गई है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शानदार जीत के बीच मस्क की कंपनियों और उनकी खुद की संपत्ति में बढ़ोतरी देखी जा रही है। सीएफआरए रिसर्च के वरिष्ठ इक्विटी विश्लेषक गैरेट नेल्सन ने बताया कि टेस्ला और सीईओ एलन मस्क शायद चुनाव परिणाम से सबसे बड़े विजेता हैं। हमारा मानना है कि ट्रंप की जीत कंपनी को और आगे बढ़ाने की रफ्तार में तेजी लाने में मदद करेगी।

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने भोपाल सहोदय कॉम्प्लेक्स के सहयोग से प्राथमिक और प्रारंभिक स्तर के शिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

**भोपाल।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक विभाग, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया ने भोपाल सहोदय कॉम्प्लेक्स के साथ मिलकर भोपाल और आस-पास के जिलों के फाउंडेशनल और प्रिपरेटरी स्तर के शिक्षकों के लिए एक प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया। इस वर्कशॉप की थीम एंगेज, एक्सप्लोर, एम्पावर थी जिसका उद्देश्य प्राथमिक (3-5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों) की मूलभूत शिक्षा के लिये शिक्षकों को गतिशील, विद्यार्थियों पर फोकस करने वाला पढ़ाई का माहौल बनाने के लिए प्रशिक्षित करना था, जो संपूर्ण विकास, नवाचार और जिज्ञास को प्रोत्साहित करे, ताकि 21वीं सदी में सफलता की नींव रखी जा सके। इस कार्यशाला का संचालन अकादमिक सलाहकार और पेशेवर प्रशिक्षक डॉ. गुरजीत कौर भाटिया ने किया और इसकी अध्यक्षता भोपाल सहोदय कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष फादर सेबी एडट्टुकरन सीएमआई ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के लक्ष्यों और प्राथमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (नेशनल कैरिकुलम फ्रेमवर्क 2023) के अनुसार डिजाइन किया गया था, ताकि शिक्षकों को बच्चों की उम्र, रुचियों और सीखने की क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षण प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। इसमें इंटरैक्टिव सत्र, व्यावहारिक गतिविधियां और प्रारंभिक चरण के शिक्षकों के साथ आपसी चर्चाएं शामिल थीं। डॉ. गुरजीत कौर भाटिया ने प्राथमिक शिक्षकों को जीवंत, छात्र-केंद्रित शिक्षण वातावरण तैयार करने के लिए उपकरणों से लैस करने के महत्व को रेखांकित किया जो समग्र विकास को बढ़ावा देते हैं और पूछताछ-आधारित नवाचार को प्रेरित करते हैं। शिक्षकों को शुरुआती चरण की शिक्षा के लिए तैयार की गई नई शैक्षणिक तकनीकों से परिचित कराया गया।

## कॅम्पस लेकर आए नया ब्राण्ड कैंपेन 'ममूव यॉर वे' विक्की कौशल के साथ; युवाओं को फैशन के ज़रिए अपने व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित करता है

**नई दिल्ली ।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक, कॅम्पस एक्टिववियर लिमिटेड, ने आज ब्राण्ड अम्बेसडर विक्की कौशल के साथ अपनी नई ब्राण्ड कैंपेन फिल्म का अनावरण किया। कैंपेन की फिल्म युवाओं की भावनाओं पर रोशनी डालते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

अभियान फिल्म मूव योर वे की अवधारणा पर केंद्रित है-- एक ऐसा विचार जिसके माध्यम से ब्राण्ड अपने व्यक्तित्व, अपने अंदाज़, और आत्मविश्वास के साथ जीवन की राह पर चलने का संदेश देता है। यह युवाओं को अपने व्यक्तित्व पर भरोसा करने और अपने बनाए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें याद दिलाता है कि जब हम अपनी असली पहचान को अपनाते हैं, ज़िंदगी खुद ही हमें इनाम देने का तरीका ढूंढ लेती है।

फिल्म की शुरूआत विक्की कौशल के साथ होती है, जो एक डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के साथ मीटिंग में हैं और अपने अनूठे अंदाज़ में, आत्मविश्वास के साथ फिल्म की भूमिका पर चर्चा करते नज़र आते हैं। जैसे ही डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अपना प्रस्ताव रखते हैं, विक्की अपनी ही दुनिया में खोये हुए नज़र आते हैं। जब उन्हें लगता है कि विक्की कोई रूचि नहीं दिखा रहे, तब वे उन्हें डबल रोल, यहां तक कि ट्रिपल रोल ऑफर करते हैं। इस बीच अचानक, विक्की डांस करने लगते हैं, फिर रुकते हैं और मुस्कराते हुए अपने स्टाइलिश कॅम्पस शूज़ की तरफ़ इशारा करते हुए कहते हैं ''डैम गुड शूज़, यार!'' डायरेक्टर और प्रोड्यूसर दोनों हैरान रह जाते हैं। फिल्म एक प्रभावशाली संदेश के साथ समाप्त होती है, 'व्हेन यू मूव योर वे, द वर्ल्ड मूव्स विद यू।, कॅम्पस मूव यॉर वे।'




कैंपेन के बारे में बात करते हुए प्रेरणा अग्रवाल, चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, कॅम्पस एक्टिववियर, ने कहा, ''हम एक ऐसी युवा पीढ़ी को देख रहे हैं, जो न केवल गतिशील है, बल्कि फैशन के जरिए अपनी अनोखी पहचान को भी बेझिझक तरीके से व्यक्त कर रही है। और कॅम्पस शूज़ उनके साथ है, जो उन्हें ट्रेंड के मुताबिक, फैशनेबल फुटवियर प्रदान करता है, जो उनकी असली पहचान को दर्शाता है। हमारा 'मूव यॉर वे' कैंपेन सिर्फ एक संदेश नहीं है, यह आत्मविश्वास से भरी अपनी पहचान को अपनाने और अपनी राह खुद बनाने की आज़ादी का उत्सव है। हम विश्वास रखते हैं कि हर व्यक्ति को अपनी रुचियों के अनुसार निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, अपनी पहचान को बिना किसी संकोच के अपनाना चाहिए, और अपनी व्यक्तिगतता को ज़ाहिर करना चाहिए–चाहे वह उनके कैंपेन पर बात करते हुए विक्की कौशल ने कहा, ''हमारी यात्रा का पहला कदम है अपने आप पर भरोसा करना। यह कैंपेन एक संदेश से कहीं बढ़कर है; यह बताता है कि अगर आप अपने व्यक्तित्व को अपने अदांज़ में आत्मविश्वास के साथ अपनाते हैं, तो जीवन आपको सफलता के मार्ग पर ले जाता है। इस कैंपेन के साथ जुड़ना मेरे लिए खुशी की बात है। यह युवाओं को भरोसे के साथ अपना रास्ता चुनने और उस पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। एक ऐसे ब्राण्ड के साथ जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है जो लोगों को अपने अंदाज़ में आत्मविश्वास के साथ अपने व्यक्तित्व को दर्शाने में उनका साथ देता हैं

## व्यापक आर्थिक आंकड़ों, कंपनियों के नतीजों, एफआईआई के रुख से तय होगी बाजार की दिशा : विश्लेषक



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह व्यापक आर्थिक आंकड़ों, सितंबर तिमाही के नतीजों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह बात कही। गुरु नानक जयंती के अवसर पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा, भारत में 12 नवंबर को सीपीआई और आईआईपी आंकड़े जारी होंगे, जबकि डब्ल्यूपीआई आंकड़े 14 नवंबर को आ सकते हैं। वैश्विक स्तर पर, 13 नवंबर को अमेरिका में मुद्रास्फीति की रिपोर्ट आएगी, जो फेडरल रिजर्व के आगामी नीति रुख को प्रभावित कर सकती है।

मीना ने कहा कि प्रमुख वैश्विक घटनाओं और दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद बाजार का ध्यान प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर होगा। इस सप्ताह बैंक ऑफ इंडिया, बीईएमएल, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी, अपोलो टायर्स और ब्रेनबीज सॉल्यूशंस के तिमाही नतीजों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर सूचकांक का प्रदर्शन भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए महत्वपूर्ण होगा। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड में उतार-चढ़ाव और रुपया-डॉलर विनिमय दर से भी बाजार प्रभावित होगा। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड की निदेशक पलका अरोड़ा चोपड़ा ने कहा, बाजार का रुख भारत के सीपीआई, औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण उत्पादन और डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति के आंकड़ों के साथ ही अमेरिका के सीपीआई, कोर सीपीआई, प्रारंभिक बेरोजगारी दावे, ब्रिटेन के जीडीपी आंकड़ों और चीन के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से प्रभावित होगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 237.8 अंक या 0.29 प्रतिशत और निफ्टी में 156.15 अंक या 0.64 प्रतिशत की गिरावट आई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, भारतीय बाजार में कमजोरी की मुख्य वजह एफआईआई की लगातार बिकवाली है, जो इस महीने भी जारी है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि मिलेजुले वैश्विक कारकों और कमजोर तिमाही नतीजों के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहने की उम्मीद है।

## ईडी ने गुजरात के ठग किरण पटेल के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की

**नई दिल्ली , एजेंसी।** ईडी ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत श्रीनगर की एक विशेष अदालत में गुजरात के कथित ठग किरण पटेल के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की है। आइए जानें ईडी ने और क्या कहा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को बताया कि उसने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यहां एक विशेष अदालत में गुजरात के कथित ठग किरण पटेल के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की है। एजेंसी ने बताया कि अदालत ने अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लिया और आरोपी को 27 नवंबर को पेश होने का नोटिस जारी किया।

पिछले साल 29 अगस्त को एक स्थानीय अदालत ने अहमदाबाद निवासी पटेल को जमानत दे दी थी, जिन्हें मार्च में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में कथित तौर पर शीर्ष अधिकारी के रूप में पेश होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## मोबिलिटी विजन का नया अध्याय

### ग्लोबल मार्केट के लिए हाई परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल और इलेक्ट्रिक स्कूटर का किया अनावरण




**मुंबई, एजेंसी।** हीरो मोटोकॉर्प का उद्देश्य मोबिलिटी का भविष्य बनें ( बी द फ्यूचर ऑफ मोबिलिटी) विज़न के साथ आगे बढ़ना है। इस लक्ष्य के तहत, कंपनी चुनौतियों को पार करते हुए नई ऊंचाइयों को छूने और नवाचार एवं दीर्घकालीन विकास के नए मानक स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। हम आधुनिक तकनीकों को अपनाने और उन पर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि मोबिलिटी का ऐसा भविष्य तैयार किया जा सके जो आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभकारी हो।

''हीरो मोटोकॉर्प, दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी होने के नाते, विश्व के लिए भारत में विकसित की सोच को साकार करती है। यह सोच हमारे हर काम में झलकती है और हमारे 120 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों की सेवा करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाती है। हम पर्यावरण की रक्षा पर भी पूरा ध्यान देते हुए नए और बेहतर नवाचार के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हीरो मोटोकॉर्प एक भरोसेमंद ग्लोबल लीडर बना हुआ है, जो अपनी मशीनों की विश्वसनीयता और मजबूती के लिए जाना जाता है। यह मजबूत भरोसा और हमारे विश्व स्तरीय उत्पाद, यूरोप और यूके में हमारे विस्तार का मूल आधार हैं।

हम चार विश्व स्तरीय उत्पादों का अनावरण करते हुए उत्साहित महसूस कर रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक में एक विशिष्ट वैश्विक पहचान, अपनी श्रेणी की अग्रणी विशेषताएं, उन्नत प्रौद्योगिकी और दुनिया भर में प्रशंसा प्राप्त इंजीनियरिंग उत्कृष्टता है जो हीरो मोटोकॉर्प की पहचान है। डॉ. पवन मुंजाल कार्यकारी अध्यक्ष (एक्जीक्यूटिव चेयरमैन ), हीरो मोटोकॉर्प मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने 2024 में रोमांचक और बहुप्रतीक्षित नई मोटरसाइकिलों और एक इलेक्ट्रिक स्कूटर की श्रृंखला का अनावरण किया है। कंपनी ने 2025 की दूसरी छमाही तक कई यूरोपीय देशों और यूके के बाजारों में प्रवेश करने की अपनी योजना की घोषणा

## संक्षिप्त समाचार

### कंबोडिया ने मनाई आजादी की 71वीं वर्षगांठ, राजधानी में हुआ भव्य कार्यक्रम



**नोम पेन्ह , एजेंसी।** कंबोडिया ने शनिवार को फ्रांसीसी औपनिवेशिक शासन से अपनी स्वतंत्रता की 71वीं वर्षगांठ मनाई। यह समारोह देश के राजा नोरोदम सिहामोनी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री हुन मानेट, सीनेट के अध्यक्ष समदेच तेचो हुन सेन और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष खुओन सुदरी ने भाग लिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, राजधानी नोम पेन्ह में स्वतंत्रता स्मारक पर आयोजित एक घंटे के कार्यक्रम में हजारों प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें विदेशी राजनयिकों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान, सिहामोनी ने देश की स्वतंत्रता के प्रतीक के रूप में स्वतंत्रता स्मारक के अंदर पुष्पांजलि अर्पित की और औपचारिक विजय अग्नि प्रज्वलित की। शनिवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए एक संदेश में हुन सेन ने कहा कि 9 नवंबर लोगों को दिवंगत कंबोडियाई राजा फादर नोरोदम सिहानोक द्वारा शुरू किए गए एक महान मिशन की याद दिलाता है। यह मिशन फ्रांसीसी उपनिवेश से स्वतंत्रता हासिल करने के लिए था। सेन ने कहा, स्वतंत्रता के जनक राजा नोरोदम सिहानोक ने कंबोडिया को पूर्ण स्वतंत्रता दिलाने के लिए अपने शाही धर्मयुद्ध में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की ऊर्जा का बलिदान दिया था। उत्सव के अंत में, स्वतंत्रता और आजादी के प्रतीक के रूप में कबूतर और गुब्बारे छोड़े गए। फ्रांस ने 1863 में कंबोडिया को नियंत्रित करना शुरू कर दिया। लगभग 90 वर्षों तक उपनिवेश रहने के बाद, राजा नोरोदम सिहानोक ने 1949 में फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल करने की मुहिम शुरू की। 1953 में, वह पूर्ण स्वतंत्रता हासिल करने में सफल रहे जब फ्रांस पूरे देश को उपनिवेश मुक्त करने के लिए सहमत हो गया। इस उपलब्धि के कारण कंबोडियाई नागरिकों ने राजा नोरोदम सिहानोक को स्वतंत्रता के पिता के रूप में देखा। आखिरकार कंबोडिया 9 नवंबर 1953 को आजादी हासिल की।

### क्वेटा रेलवे स्टेशन ब्लास्ट, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 26



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा शहर में शनिवार को एक रेलवे स्टेशन पर हुए एक आत्मघाती विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। पाकिस्तीनी मीडिया रिपोट्स के मुताबिक प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता वसीम बेग ने कहा कि विस्फोट में दो लोगों की मौत हो जाने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई, जबकि 62 अन्य घायल हो गए। क्वेटा डिवीजन कमिश्नर हमजा शफकत ने कहा कि यह विस्फोट मुख्य रूप से कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर एक आत्मघाती हमला था, जबकि नागरिकों को भी निशाना बनाया गया। शफकत ने कहा कि इलाके में लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जबकि बस स्टेशनों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि रेलवे से स्टेशन बंद करने और ट्रेन सेवाओं को निलंबित करने का अनुरोध किया गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विस्फोट की कड़ी निंदा की और मृतकों तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने बलूचिस्तान सरकार से घटना की जांच रिपोर्ट भी मांगी है। प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा, निर्दोष लोगों की जान और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले आतंकवादियों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। वहीं कार्यवाहक राष्ट्रपति यूसुफ रजा गिलानी ने भी घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकवादी मानवता के दुश्मन हैं जो निर्दोष लोगों को निशाना बनाते हैं। प्रतिबंधित उग्रवादी समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने विस्फोट की जिम्मेदारी ली है।

### पुलिस ने कंधार प्रांत में अवैध ड्रग्स के खिलाफ चलाया बड़ा अभियान, 7 गिरफ्तार

**कंधार , एजेंसी।** अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में काउंटर नारकोटिक्स पुलिस ने पिछले सप्ताह हेरोइन और अफीम सहित अवैध ड्रग्स के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मुल्ला असदुल्ला जमशेद ने शनिवार को जानकारी दी कि सात संदिग्ध ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया। जमशेद ने बताया कि प्रांत के विभिन्न हिस्सों में चलाए गए अभियानों के दौरान अफीम, हशीश और हेरोइन उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जब्त किए गए। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस प्रांत में ड्रग्स के उत्पादन और तस्करी को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता फजल रहीम मुस्किनयार के अनुसार, एक संबंधित मामले में, परवान प्रांत में पुलिस ने हाल ही में ड्रग्स की तस्करी में शामिल होने के संदेह में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पिछले महीने पुलिस ने बताया कि अफगानिस्तान के परवान प्रांत से 33 किलोग्राम अवैध ड्रग्स के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया था।

# विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, डोनाल्ड ट्रंप की टॉप टीम में कौन कौन होगा?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आने वाले प्रशासन की पहली आधिकारिक नियुक्ति, 2024 के चुनाव अभियान की सह-अध्यक्ष सुसान समरॉल विल्स को अपना चीफ ऑफ स्टाफ घोषित करके किया। 20 जनवरी 2025 को व्हाइट हाउस में वापसी से पहले राष्ट्रपति ट्रंप की चुनाव टीम, पहले से ही कई उम्मीदवारों के प्रोफाइल की जांच कर रही है, जिन्हें व्हाइट हाउस में टॉप पोस्ट मिल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप के पहले कार्यकाल में उनके साथ काम करने वाले ज्यादातर लोगों को इस कार्यकाल में साथ नहीं रखा जाएगा। हालांकि अमेरिकी मीडिया में कुछ वफादारों की वापसी की अफवाह उड़ाई जा रही है। 78 वर्षीय रिपब्लिकन राष्ट्रपति ट्रंप के आसपास कई नए सहयोगी हैं, जो उनके मंत्रिमंडल को भर सकते हैं, और उनके प्रशासन में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा सकते हैं। आइये उन चेहरों के बारे में जानते हैं, जिन्हें ट्रंप मंत्रिमंडल में टॉप पोस्ट मिल सकता है।



**चीफ ऑफ स्टाफ - सूसी विल्स :** सूसी विल्स और ट्रंप चुनाव अभियान के सह-अध्यक्ष क्रिस लैसिविता, कमला हैरिस पर ट्रंप की जीत के पीछे के प्रमुख चेहरे थे। बुधवार को अपने विजयी भाषण में, उन्होंने उन्हें आइस मेडेन कहा और जीत की क्रेडिट दी, और कहा, कि वह बैकग्राउंड में रहना पसंद करती हैं। अगले दिन विल्स को व्हाइट हाउस में पहली नियुक्ति मिल गई और वो व्हाइट हाउस में चीफ ऑफ स्टाफ का पद संभावने वाली पहली महिला होंगी। चीफ ऑफ स्टाफ, अक्सर राष्ट्रपति का शीर्ष सहयोगी होता है, जो वेस्ट विंग में दैनिक कामकाज की देखरेख करता है और बॉस के कर्मचारियों का प्रबंधन करता है। 67 वर्षीय विल्स ने दशकों तक रिपब्लिकन राजनीति में काम किया है, रोनाल्ड रीगन के सफल 1980 के राष्ट्रपति अभियान से लेकर व्यवसायी रिक स्कॉट को 2010 में सिर्फ सात महीने में फ्लोरिडा का गवर्नर बनाने तक। रिपब्लिकन ने कहा है, कि वो बड़े लीडर्स को मैनेज करने में माहिर हैं।

**ट्रंप का नया अटॉर्नी जनरल :** डोनाल्ड ट्रंप के लिए अगर कोई सबसे अहम नियुक्ति होने वाली है, तो वो पद अटॉर्नी जनरल का होगा। क्योंकि, अटॉर्नी जनरल ही जस्टिस डिपार्टमेंट को संभालेगा, जिसने पिछले चार सालों से ट्रंप की नाक में दम कर रखा था। अपने पहले कार्यकाल के दौरान अटॉर्नी जनरल जेफ सेशंस और विलियम बार, दोनों के साथ असमान संबंधों के बाद, उम्मीद की जा रही है, कि इस बार ट्रंप गलती नहीं करेंगे और सबसे वफादार चेहरे को इस अहम पद पर नियुक्ति देंगे, जो उनके कठोर आलोचकों और विरोधियों को दंडित करने के लिए एजेंसी की अभियोजन शक्ति का उपयोग करेगा। कैबिनेट पद के लिए जिन नामों की चर्चा हो रही है, उनमें टेक्सास के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन शामिल हैं, जिन पर ट्रंप की ही तरह अभियोग लगाया गया और महाभियोग लगाया गया। इसके अलावा, मैथ्यू व्हिटेकर, जिन्होंने ट्रंप के अनुरोध पर सेशंस के पद को छोड़कर तीन महीने के लिए कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल का पद संभाला; माइक डेविस, एक दक्षिणपंथी कार्यकर्ता जो कभी सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस नील गोरसच के लिए क्लर्क थे और जिन्होंने ट्रंप के आलोचकों और पत्रकारों के खिलाफ धमाकेदार धमकियां जारी कीं, और मार्क पाओलेटा, जो ट्रंप के बजट कार्यालय में काम कर चुके हैं, उनके नाम सामने आ रहे हैं।

**अमेरिका का नया विदेश मंत्री कौन होगा :** अमेरिकी विदेश मंत्री, राष्ट्रपति के विदेश मामलों के मुख्य सलाहकार होते हैं और विदेश में देश का प्रतिनिधित्व करते समय अमेरिका के शीर्ष राजनयिक के रूप में कार्य करते हैं। फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो, जो ट्रंप के उप-राष्ट्रपति उम्मीदवार होने के रेस में काफी करीब तक पहुंचे थे, उनका नाम सबसे आगे चल रहा है। 53 साल के रुबियो, जिन्हें चीन का कट्टर विरोधी माना जाता है, और जिन्होंने 2016 के रिपब्लिकन प्राइमरी में ट्रंप का विरोध किया था, लेकिन उसके बाद से उन्होंने अपने मतभेद दूर कर लिए हैं, वो विदेश विभाग संभालने की रेस में सबसे आगे हैं। वे सीनेट की विदेश संबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य और चैंबर के चुनिंदा खुफिया पैनल के उपाध्यक्ष हैं। वहीं, विदेश मंत्रालय पद के लिए अन्य दावेदारों में ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओब्रायन, टेनेसी के सीनेटर बिल हेगर्टी, जो पहले जापान में ट्रंप के राजदूत थे; और ब्रायन हुक, ट्रंप के पहले कार्यकाल में ईरान के लिए विशेष दूत और विदेश विभाग में संक्रमण के प्रयासों का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति शामिल हैं। हालांकि, नामांकन के लिए एक अज्ञात दावेदार रिचर्ड ग्रेनेल भी हैं, जो ट्रंप के वफादार हैं और जिन्होंने जर्मनी में राजदूत, बाल्कन में विशेष दूत और कार्यवाहक राष्ट्रीय खुफिया प्रमुख के रूप में कार्य किया है। 58 वर्षीय ग्रेनेल, ट्रंप की 2020 की चुनावी हार को पलटने के प्रयासों में काफी हद तक शामिल थे।

## ट्रंप की जीत के बाद 4बी आंदोलन में शामिल हुईं हजारों अमेरिकी महिलाएं




**वाशिंगटन , एजेंसी।** 2024 के अमेरिकी चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत अमेरिका की लाखों महिलाओं को रास नहीं आई है। हजारों अमेरिकी महिलाएं ट्रंप की जीत के लिए पुरुषों को दोषी ठहरा रही हैं और 4बी आंदोलन में शामिल हो गई हैं, जिसमें उन्होंने बदला लेने और विरोध के तौर पर सेक्स न करने, रिश्ते न बनाने, शादी न करने और बच्चे न पैदा करने की कसम खाई है। 4बी आंदोलन की शुरुआत दक्षिण कोरिया में हुई थी और यह 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की जीत को लेकर मचे बवाल के बीच अमेरिका में ट्रेंड कर रहा है। कमला हैरिस के डेमोक्रेटिक खेमे ने ट्रम्प की नारीवाद विरोधी छवि पेश की। कई अमेरिकी महिलाओं ने वीडियो पोस्ट किए हैं, जिनमें उन्हें ट्रम्प की जीत पर आंसू बहाते हुए देखा जा सकता है। अब वो 4बी आंदोलन को अपना रहे हैं। 4बी नाम 4 नंबर से आया है। कोरियाई भाषा में बी नो का संक्षिप्त रूप है। मीटू और एस्केप द कोर्सेट आंदोलनों के बाद यह आंदोलन दक्षिण कोरिया में आया। 4 बीआंदोलन दक्षिण कोरिया में कोई अस्थायी सनक नहीं था और कोरियाई समाज पर इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। 2021 में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल ने कहा कि इस तरह के आंदोलन दक्षिण कोरिया में महिलाओं और पुरुषों के बीच स्वस्थ संबंधों को अवरुद्ध कर रहे हैं, सीबीसी ने रिपोर्ट की। द न्यू यॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया में जन्म दर में गिरावट देखी गई है और इसमें 4बी आंदोलन की कुछ भूमिका है। अमेरिका में कई महिलाएं सेक्स, शादी, बच्चों और डेटिंग को ना कहती हैं। अब अमेरिका में महिलाएं इसे अपना रही हैं। येल विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग में पीएचडी उम्मीदवार मीरा चोई ने एनबीसी को बताया, महिलाओं ने सोचना शुरू कर दिया है कि कैसे सरकार और राज्य और पुरुष उन्हें विफल कर रहे हैं।

## लेबनान में इजरायली हमले जारी, बच्चों सहित 40 लोगों की मौत

**बेयरूत, एजेंसी।** लेबनान के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पिछले दिनों लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 40 लोग मारे गए हैं, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रात भर इजरायली बमबारी के बाद मिली। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार देर रात तटीय शहर टायर में कम से कम सात लोग मारे गए। इजरायली सेना ने पहले शहर के बड़े हिस्से को खाली करने का आदेश दिया था, लेकिन शुक्रवार के हमलों से पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इजरायली सैन्य प्रवक्ता द्वारा कोई आदेश प्रकाशित नहीं किया गया था। मंत्रालय ने बताया कि मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि बचाव अभियान जारी है और हमले के बाद बरामद किए गए अन्य शवों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शनिवार को आस-पास के शहरों में हुए हमलों में 13 लोग मारे गए, जिनमें हिज़्बुल्लाह और उसके सहयोगी अमल से जुड़े बचाव समूहों के सात चिकित्सक शामिल थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि ऐतिहासिक शहर बालबेक के आसपास पूर्वी मैदानों में शनिवार को इज़राइली हमलों में कम से कम 20 और लोग मारे गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने टायर और बालबेक के क्षेत्रों में हिज़्बुल्लाह के बुनियादी ढांचे पर हमला किया।

# शेख हसीना के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी कर सकता है बांग्लादेश

**ढाका, एजेंसी।** अंतरिम सरकार के विधि सलाहकार आसिफ नजरूल ने आज कहा है, कि सरकार जुलाई और अगस्त में छात्र विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हत्याओं और नरसंहार में कथित रूप से शामिल भगोड़ों को गिरफ्तार करने और देश वापस लाने के लिए इंटरपोल से रेड नोटिस जारी करने का अनुरोध करेगी। सलाहकार आसिफ नजरूल ने आज सुबह अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में मामले की स्थिति का निरीक्षण करने के बाद कहा, यह कदम जल्द ही उठाया जाएगा। न्यायाधिकरण, बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय परिसर में पुराने उच्च न्यायालय भवन में स्थित है। उन्होंने कहा, हम ईमानदारी से काम करेंगे और उन्हें, जहां कहीं भी वे छिपे हों, वहां से वापस लाने को प्राथमिकता देंगे।

आपको बता दें, कि जुलाई-अगस्त में हुए जन-विद्रोह के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों लोग घायल हुए थे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी पार्टी के कई लोगों के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार की 60 से ज्यादा शिकायतें आईसीटी जांच एजेंसी और अभियोजन टीम के पास अक्टूबर के मध्य तक दर्ज की गई हैं। आपको बता दें, कि भीषण प्रदर्शन के बाद शेख हसीना भागकर भारत आ गईं थीं और उसके बाद से भारत में ही रह रही हैं। मोदी सरकार ने शेख हसीना को फिलहाल शरण दे रखा है और उनका अगला कदम क्या होगा, फिलहाल इसको लेकर स्थिति साफ नहीं हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरफ से कई बार मौखिक तौर पर भारत से शेख हसीना को वापस सौंपने की मांग की गई है, लेकिन हमारी जानकारी के मुताबिक, अभी तक आधिकारिक तौर पर बांग्लादेश की सरकार की तरफ से शेख हसीना के



प्रत्यर्पण की मांग नहीं की गई है।

**भारत और बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण संधि :** भारत और बांग्लादेश ने 2013 में एक प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसे 2016 में संशोधित किया गया था. ताकि दोनों देशों के बीच भगोड़ों के आदान-प्रदान को आसान और तेज बनाया जा सके। लेकिन, अभी तक प्रत्यर्पण का अनुरोध भारत सरकार को नहीं मिला है। यह संधि कई भारतीय भगोड़ों, खास तौर पर पूर्वोत्तर के उग्रवादी समूहों से जुड़े लोगों के बांग्लादेश में छिपे होने और वहां से अपनी गतिविधियां चलाने को लेकर अस्तित्व में आई थी। इसका मकसद, बांग्लादेश में छिपे ऐसे लोगों की तत्काल भारत में वापसी सुनिश्चित करनी थी और बांग्लादेश को ऐसे लोग पनाहकार ना बनाएं, उसे भी सुनिश्चित करना था। इसके अलावा, बांग्लादेश को भी जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) जैसे संगठनों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिनके कार्यकर्ता भारत के पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में छिपे पाए गए थे। प्रत्यर्पण संधि के मुताबिक, भारत और बांग्लादेश को ऐसे व्यक्तियों को प्रत्यर्पित करना चाहिए जिनके खिलाफ कार्यवाही की गई है... या जिन पर आरोप लगाया गया है, या जो प्रत्यर्पण योग्य अपराध करने के लिए दोषी पाए गए हैं, या फिर अनुरोध करने वाले देश की अदालत की तरफ से उसे वांटेड घोषित किया गया है।

संधि के मुताबिक, प्रत्यर्पण योग्य अपराध वह है, जिसके लिए कम से कम एक वर्ष की सजा हो सकती है। इसमें वित्तीय अपराध भी शामिल हैं। महत्वपूर्ण बात यह है, कि किसी अपराध को प्रत्यर्पण योग्य बनाने के लिए, दोहरी आपराधिकता का सिद्धांत लागू होना चाहिए, जिसका अर्थ है, कि वो अपराध दोनों देशों में दंडनीय होना चाहिए। लेकिन, जियो-पॉलिटिकल एक्सपर्ट्स का कहना है, कि ये नामुमकिन है, कि भारत सरकार शेख हसीना को किसी भी हाल में बांग्लादेश को सौंपे। लिहाजा, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है, कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार भारत से पंगा लेने के मूड में है और इंटरपोल नोटिस अगर जारी होता है, तो दोनों देशों के बीच का विवाद और बढ़ेगा।

# कनाडा में मंदिर पर हमले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, निकला पन्नू का करीबी, संभाल रहा निज्जर का काम

**टोरंटो , एजेंसी।** कनाडा में मंदिर पर हमला करने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान ब्राम्पटन के 35 वर्षीय इंदरजीत गोसाल के रूप में हुई है। वह मंदिर पर हमले का मास्टरमाइंड है और खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी है। ग्रेटर टोरंटो में हिंदू मंदिर पर हमले का प्लान इंदरजीत ने ही तैयार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश देकर छोड़ भी दिया गया। इससे पहले पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इंदरजीत गोसाल सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू का दाहिना हाथ है। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद वही रेफरेंडम से जुड़े काम को देख रहा है। पुलिस ने बताया, गोसाल को 8 नवंबर को गिरफ्तार किया गया है। उसे जमानत पर छोड़ दिया गया है और कहा गया कि तय तारीख पर कोर्ट में हाजिर होना है। बता दें कि 4 नवंबर को खालिस्तानियों ने कनाडा में कई मंदिरों को निशाना बनाया था। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इन हमलों की निंदा करते हुए कनाडा को कड़ा संदेश दिया था। कनाडा में हिंदुओं पर इस तरह के हमले को लेकर दुनिया



के कई देशों ने निंदा की थी। पुलिस ने कहा, घटना की जांच के लिए एक विशेष दल बनाया गया है और इसकी जांच की जा रही है। हमलों के आरोपियों के पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने देश के कुछ नेताओं पर हिंदुओं और सिखों को जानबूझकर एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कनाडाई मूल के हिंदू और सिख एक तरफ हैं और खालिस्तानी दूसरी तरफ। आर्य की यह टिप्पणी ब्रैम्पटन के एक मंदिर में हिंदुओं पर हमले की घटना के कुछ दिन बाद आई है। आर्य ने कहा कि कनाडा के कई नेता ब्रैम्पटन की घटना को कनाडाई मूल के हिंदुओं और सिखों के बीच संघर्ष के रूप में चित्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं के जानबूझकर किए गए कृत्यों और खालिस्तानियों के प्रभाव के कारण कनाडा के लोग अब खालिस्तानियों और सिखों को एक जैसा समझने लगे हैं। खालिस्तानी झंडे लिए प्रदर्शनकारियों की गत तीन नवंबर को ओंटारियो के ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र के ब्रैम्पटन शहर में स्थित हिंदू सभा मंदिर में लोगों के साथ झड़प हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने मंदिर अधिकारियों और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बाधा डाली थी। ओंटारियो के नेपियन क्षेत्र से सांसद आर्य ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कुछ नेता जानबूझकर इस हमले के लिए खालिस्तानियों को जिम्मेदार ठहराने और उनका जिक्र करने से बच रहे हैं। वे अन्य तत्वों पर दोष मढ़ रहे हैं। वे इसे हिंदुओं और सिखों के बीच एक मुद्दे के रूप में पेश करके कनाडा के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। आर्य ने कहा, खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए हमले को लेकर नेता हिंदुओं और सिखों को इस तरह से चित्रित कर रहे हैं।

# कतर ने हमास को देश बाहर निकल जाने का थमाया नोटिस, वाशिंगटन के अनुरोध पर दोहा ने उठाया कदम

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के अनुरोध पर कतर हमास को अपने देश से बाहर निकालने पर सहमति हो गया है। इजरायल-हमास युद्ध को रोकने की कोशिशों के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने कतरी समकक्षों को लगभग दो सप्ताह पहले सूचित किया कि उन्हें अपनी राजधानी में हमास को शरण देना बंद करना चाहिए; कतर ने सहमति व्यक्त की और लगभग एक सप्ताह पहले हमास को नोटिस थमा दिया। सीएनएन के अनुसार अमेरिका और कतर के सूत्रों ने बताया कि फिलिस्तीनी ग्रुप को इजरायल-हमास युद्ध में सीजफायर और बंधकों की रिहाई के समझौते के लिए मनाने की कई नाकाम कोशिशों के बाद यह कदम उठाया गया। एक वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी ने बताया, हमास एक आतंकवादी समूह है जिसने अमेरिकियों को मारा है और कई को बंधक बनाकर रखा है। बंधकों को रिहा करने के प्रस्तावों को बार-बार खारिज करने के बाद, इसके नेताओं का अब किसी भी अमेरिकी साझेदार की राजधानियों में स्वागत नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि हमास ने कतर की ओर से फिलिस्तीनी ग्रुप के अधिकारियों को दोहा से निष्कासित करने पर सहमति जताने की खबरों को निराधार और दबाव की रणनीति बताया। हमास ने कहा कि इस तरह के दावे पहले भी मीडिया में बिना किसी सबूत के किए जाते रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक हमास के अधिकारी ने शनिवार को कहा, इजरायली मीडिया में दावा किया गया कि कतर ने अमेरिका के अनुरोध के बाद दोहा से हमास को बाहर निकालने पर सहमति जताई है। हालांकि इसका कोई आधार नहीं है और यह केवल दबाव बनाने की रणनीति है। इसे बिना किसी सबूत के दोहराया गया है। अमेरिकी अधिकारी कतर से कहते रहे हैं कि वह हमास के साथ समझौते की चर्चा में निष्कासन की धमकी का लाभ उठाए। हाल ही में अमेरिकी-इजरायली बंधक हर्श गोल्डबर्ग-पोलिन की मौत और हमास द्वारा एक और युद्धविराम प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद कतर फिलिस्तीनी ग्रुप को बाहर निकालने पर राजी हुआ। पिछले एक साल से इजरायल-हमास युद्ध में सीजफायर करवाने के लिए कतर एक प्रमुख खिलाड़ी रहा है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि फिलिस्तीनी ग्रुप के सीनियर मेंबर्स दोहा में रहते हैं। इसी वजह से कतर की राजधानी में प्रमुख वार्ताएं हुई हैं। हमास के कार्यकर्ताओं को कतर से कब निर्वासित किया जाएगा और वे कहां जाएंगे - यह स्पष्ट नहीं है। हालांकि एक अमेरिकी अधिकारी ने दावा किया कि समूह को देश छोड़ने के लिए अधिक समय नहीं दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी गर्मियों में कतर से कहा कि वह हमास को चेतावनी दे कि अगर ग्रुप गाजा में युद्ध रोकने के लिए सहमत नहीं होता है।

# ट्रम्प की एरिजोना समेत सभी 7 स्विंग स्टेट्स में जीत: पूरे नतीजे आए, 312 सीटें मिलीं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के सभी नतीजे सामने आ गए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अमेरिकी राज्य एरिजोना में भी जीत हासिल कर ली। इसके साथ ही उन्होंने सभी 7 स्विंग स्टेट्स में जीत लिए हैं। एरिजोना की 11 सीटें (इलेक्टोरल वोट) भी उनके खाते में आ गई हैं। राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ने 50 राज्यों की 538 में से 312 सीटें जीती हैं। वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस कड़ी टक्कर देने के बावजूद 226 सीटें ही जीत पाई हैं। राष्ट्रपति चुनाव में कुल 538 सीटें होती हैं। बहुमत के लिए 270 का आंकड़ा जरूरी होता है। एरिजोना की गिनती अमेरिका के स्विंग स्टेट्स में होती है। यहां जीत का अंतर बेहद कम होता है। हालांकि पिछले 70 सालों में डेमोक्रेटिक पार्टी यहां सिर्फ दो बार ही जीत पाई है। 2020 में जो बाइडेन ने एरिजोना में जीत हासिल की थी।

**बाइडेन से व्हाइट हाउस में मिलेंगे ट्रम्प :** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन बुधवार, 13 नवंबर को अगले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से व्हाइट हाउस में मुलाकात करेंगे। दोनों के बीच ये मुलाकात भारतीय समयानुसार रात 9:30 बजे होगी। व्हाइट हाउस ने इसकी जानकारी शनिवार देर रात दी। अमेरिका में ये परंपरा रही है कि वर्तमान राष्ट्रपति चुनाव के बाद अगले राष्ट्रपति के साथ व्हाइट हाउस में औपचारिक मुलाकात करते हैं। इस मुलाकात को सत्ता सौंपने की प्रकिया की शुरुआत के तौर पर देखा जाता है। हालांकि जब डोनाल्ड ट्रम्प 2020 में जो बाइडेन के हाथों राष्ट्रपति चुनाव हार गए थे, तो उन्होंने बाइडेन को मुलाकात के लिए आमंत्रित नहीं किया था।



**बाइडेन बोले- ट्रम्प को शांतिपूर्वक सत्ता सौंपेंगे :** राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद बुधवार को ही राष्ट्रपति बाइडेन ने ट्रम्प को फोन पर जीत के बधाई दी थी। इसके एक दिन बाद यानी गुरुवार को बाइडेन में चुनाव में हुई पर बयान दिया। इस बयान में बाइडेन ने बताया कि उन्होंने ट्रम्प को शांति पूर्वक सत्ता सौंपने का आश्वासन दिया है। बाइडेन ने कहा कि उन्होंने अपनी टीम को निर्देश दिया है कि ट्रम्प के सत्ता सौंपने में पूरी तरह मदद की जाए। ये अमेरिकी जनता का हक है। डोनाल्ड ट्रम्प 4 साल बाद दूसरी बार सत्ता में वापसी करने जा रहे हैं। उन्होंने बुधवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति चुनाव में हराया। डोनाल्ड ट्रम्प ग्रोवर क्लीवलैंड के बाद [illegible] जिन्होंने हार के बाद [illegible]

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# तमिल सिनेमा में बड़ा धमाल मचाने जा रहे जूनियर एनटीआर

**जूनियर** एनटीआर को आखिरी बार देवरा-1 में देखा गया था। इस फिल्म में अभिनेता के दो किरदार थे। यह फिल्म देवरा नामक एक व्यक्ति पर केंद्रित है जो एख गांव का मुखिया है और तस्करी में शामिल होता है। बाद में वह गलत काम छोड़ने का फैसला करता है। अपनी अगली फिल्म के लिए प्रशांत नील के साथ काम करने वाले जूनियर एनटीआर एक फिल्म के लिए जेलर निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार के साथ हाथ मिला रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, अभिनेता ने निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार के साथ एक फिल्म फाइनल कर लिया है। निर्देशक ने आरआरआर स्टार के साथ फिल्म के कुछ विचार साझा किए, जिसके बाद उन्होंने फिल्म को लॉक कर दिया। चेन्नई में फिल्म के प्रमोशन के दौरान जूनियर एनटीआर ने तमिल सिनेमा में काम करने की इच्छा जताई थी। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशक वेत्रिमारन से भी उनके साथ सहयोग करने की अपील की थी। अब ऐसा लग रहा है कि अभिनेता तमिल सिनेमा में काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

जूनियर एनटीआर को आखिरी बार देवरा-1 में देखा गया था। इस फिल्म में अभिनेता के दो किरदार थे। यह फिल्म देवरा नामक एक व्यक्ति पर केंद्रित है जो एख गांव का मुखिया है और तस्करी में शामिल होता है। बाद में वह गलत काम छोड़ने का फैसला करता है और अन्य लोगों को गलत काम में शामिल होने से रोकता है।

ऐसा करने से कई लोगों से उसकी दुश्मनी बढ़ जाती है। यह सब देखते हुए देवरा एक भूत बनने का फैसला लेता है जो लोगों को गलत काम करने से रोकता है। इसके लिए उसे अपने परिवार को भी छोड़ना पड़ता है।



# प्रियंका चोपड़ा को अपना रोल मॉडल मानती हैं सामंथा

## लंदन में सिटाडेल के प्रमोशन में बोलीं अभिनेत्री


**लंदन** में सामंथा अपनी फिल्म सिटाडेल- हनी बनी के प्रमोशन के लिए पहुंची। इस दौरान उन्होंने प्रियंका चोपड़ा की तारीफ भी की। सामंथा ने प्रियंका को लड़कियों के लिए एक बेहतरीन रोल मॉडल बताया है। एक समारोह के दौरान सामंथा ने मोस्ट पावरफुल इवेंट में बात की। सामंथा ने कहा, जेनिफर साल्के (प्राइम वीडियो हेड) के पास इस इंटरकनेक्टेड जासूसी दुनिया को बनाने का शानदार विचार था। पहला सीजन अमेरिका में आधारित है, दूसरा इटली, फिर भारत और अगला मेक्सिको में है इसलिए यह शानदार है। हमारे लिए वास्तव में हमारे देश को छोड़े बिना वैश्विक जासूसी ब्रह्मांड से जुड़ने का एक अविश्वसनीय अवसर है। बता दें प्रियंका ने रिचर्ड मैडेन के साथ सिटाडेल के अमेरिकी अध्याय का नेतृत्व किया था।

### प्रियंका चोपड़ा के लिए बोलीं सामंथा

सामंथा रुथ प्रभु ने प्रियंका चोपड़ा के लिए कहा कि वे हम लड़कियों के लिए रोल मॉडल हैं। उन्होंने हमें बड़ा सोचने की प्रेरणा दी है। ये हमारे लिए बहुत अछा अवसर है। साथ ही उन अभिनेत्रियों के साथ आने का भी जिन्होंने सिटाडेल अन्य सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है।

सामंथा ने राज और डीके के साथ काम करने के लिए कहा कि वे उनकी फिल्म निर्माण का अलग ही प्रकार है। इस समय उनके प्रोडक्शन का हिस्सा बनना हर अभिनेता का सपना होता है। वे अभिनेता को सही मायने में अभिनय करने और कुछ नया करने का मौका देते हैं। सिटाडेल- हनी बनी में सामंथा ने वरुण धवन के साथ काम किया है। इस फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया गया है। फिल्म का निर्देशन राज और डीके की सुपरहिट जोड़ी ने किया है। निर्देशकों की ये जोड़ी शोर इन द सिटी, गो गोवा गॉन, हैप्पी एंडिंग जैसी फिल्में बना चुकी है।

# अमिताभ जी शूटिंग के दौरान नहीं लेते थे ब्रेक शाम कौशल ने याद किया बिग बी से जुड़े किस्से



अनुभवी एक्शन निर्देशक शाम कौशल ने हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के अटूट समर्पण, विनम्रता और दयालुता की प्रेरक कहानियां साझा की। 1985 की फिल्म मर्द से लेकर टीवी शो युद्ध में साथ काम करने तक, उन्होंने बताया कि कैसे अमिताभ बच्चन शूटिंग के दौरान ब्रेक लेने से इनकार कर देते थे और कभी कभी तो वह लंच भी छोड़ देते थे। अपने बेटे विक्की की डेब्यू फिल्म मसान को लेकर भी एक यादगार पल साझा किया। उन्होंने बताया कि अभिताभ बच्चन ने उन्हें हार्दिक बधाई दी, जिसके बदले में कौशल ने कहा कि इस संदेश ने उनकी जिंदगी बदल दी।

### मर्द में शाम कौशल थे प्रशिक्षु स्टंटमैन

1985 की फिल्म मर्द में शाम कौशल एक प्रशिक्षु स्टंटमैन थे। उन्होंने बताया कि जब वह उपलब्ध नहीं थे तब अमिताभ बच्चन ने उनसे युद्ध फिल्म के लिए एक्शन निर्देशक के तौर पर काम करने का अनुरोध किया। शाम कौशल ने कहा, मुझे चार दिन के बाद युद्ध के निर्देशक का कॉल आया। मैंने उन्हें बताया कि मुझे अन्य काम हैं, लेकिन अभिताभ जी ने फोन ले लिया और कहा कि अगर आप नहीं आएंगे तो मैं अपनी तारीख बदल दूंगा। मैं एक्शन तभी करूंगा, जब आप मुझे अपनी तारीख देंगे। इतना बड़ा अभिनेता मुझसे यह कह रहे थे, इसे सुनकर मैं बहुत ज्यादा खुश था। मैंने अपने ड्राइवर से गाड़ी रोकने को कहा और मैं सोचने लगा कि अमिताभ जी मेरे लिए अपनी तारीख बदलने के लिए तैयार हैं। मैं काम के प्रति उनके जुनून से आश्चर्यचकित था।

## टूर कैंसिल करने के बाद

# फूट-फूट कर रोईं जेनिफर लोपेज

अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेनिफर लोपेज ने मई में अपना एक टूर कैंसिल कर दिया था, इसके बाद वे फूट-फूटकर रोईं। इस बात के पीछे की वजह जेनिफर ने बताई है। अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेनिफर लोपेज ने हाल ही में अपने एक टूर को कैंसिल किए जाने को लेकर बात की। उन्होंने कहा, ये उनके लिए बहुत ही कठिन निर्णय था क्योंकि वे अपने बच्चों के साथ भी कुछ समय बिताना चाहती थीं। हालांकि, ये निर्णय उन्हें बहुत दुखी कर गया। टूर कैंसल करने के बाद वे कार में बैठकर बहुत रोई थीं। एक चैट शो के दौरान जेनिफर लोपेज ने बताया कि उन्होंने गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के साथ समय बिताने का निश्चय किया। उन्हें लगता है कि यह अब तक का सबसे अच्छा फैसला था लेकिन बहुत कठिन भी। जब भी ऐसी कोई बात सामने आती है, तो मैं अपने प्रशंसकों से माफी मांगती हूं। जेनिफर लोपेज ने कहा, मैंने ये फैसला लेने के बाद तुरंत रोना शुरू कर दिया। मैं कार में बैठ गई और सचमुच रो पड़ी। ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए इसे रद्द करना बहुत मुश्किल है। मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया।

### मई में कैंसिल किया था टूर

अपने टूर को जेनिफर ने मई में कैंसिल किया था, इसकी घोषणा उन्होंने एक न्यूज लेटर के जरिए की थी। उन्होंने लिखा, ये फैसला कठिन है लेकिन जरूरी भी। मैं वादा करती हूं इसकी भरपाई करूंगी। मैं आप सभी से प्यार करती हूं।

### पति से तलाक का लिया फैसला

जेनिफर लोपेज ने इसी साल पति बेन एफ्लेक से तलाक की अर्जी दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 20 अगस्त को जेनिफर लोपेज ने एलए काउंटी सुपीरियर कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दाखिल की है। दोनों के आधिकारिक तौर पर अलग होने की तारीख 26 अप्रैल बताई गई है।



# जब ट्विंकल खन्ना को ज्योतिषी ने दी नाम बदलने की सलाह

ट्विंकल खन्ना को उनकी ज्योतिषी ने जब नाम का पहला अक्षर बदलकर के से नाम रखने की सलाह दी, तो उन्होंने अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हारने को लेकर कमला हैरिक के बारे में कुछ सवाल कर लिए। ट्विंकल खन्ना ने ट्रंप को लेकर भी कुछ बातें कही हैं। अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अपनी राय साझा की है। ट्विंकल खन्ना ने कहा कि ट्रंप और भारत के 140 करोड़ देशवासियों के बीच कुछ तो है जो समान है। अभिनेत्री ने कहा कि हम सभी अंधविश्वास पर विश्वास करते हैं। हाल ही में आए एक वीडियो में ट्रंप ने भी स्वीकार किया कि वे भी अंधविश्वासी हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें भी ज्योतिषी ने नाम बदलने की सलाह दी थी। उनके लेख में बताया कि उनकी पारिवारिक ज्योतिषी ने उन्हें अपने नाम के पहले अक्षर को टी के बजाय के से रखने की सलाह दी। जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। इस पर ज्योतिषी ने उन्हें बताया कि हाल ही में उनकी इस सलाह को दो प्रोड्यूसर ने माना और उनकी फिल्में सुपरहिट हो गई। इस पर ट्विंकल खन्ना ने सवाल किया कि कमला हैरिस का नाम भी के से शुरू होता है, लेकिन वे तो चुनाव हार गईं। इस पर ज्योतिषी ने जवाब दिया कि वे नजर की शिकार हैं, उन्हें काला धागा बांधना चाहिए था, हमारे सभी राजनेता इस बात का ध्यान रखते हैं। हालांकि, इस बात को मुझे स्वीकार करना पड़ा। हमारे राजनेता काले धागे के साथ-साथ अपनी कलाइयों पर कई सारे रंगीन धागे लपेटे रहते हैं। ट्विंकल खन्ना ने कहा कि व्यापार और ज्योतिष को जानने वालों ने कमला हैरिस की जीत की भविष्यवाणी की थी।





# नयनतारा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री को फैंस के लिए उपहार बताया

## नागार्जुन संग रिश्ते को दिखाया जाएगा

जल्द ही नेटफ्लिक्स पर नयनताराः बियॉन्ड द फेयरीटेल नाम की डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर होने वाला है। यह साउथ की अभिनेत्री नयनतारा के जीवन से जुड़ी है। हालिया रिलीज डॉक्यूमेंट्री ट्रेलर में उनके और अभिनेता नागार्जुन के पुराने रिश्तों की झलक भी नजर आई। नयनतारा ने दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपने अभिनय के जरिए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। अब वह अपनी डॉक्यूमेंट्री लेकर भी आ रही हैं।

यह डॉक्यूमेंट्री 18 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर दिखाई जाएगी। इसमें नयनतारा के जीवन के कई पहलुओं को दिखाया जाएगा, उनके पुराने रिश्ते भी इसमें शामिल होंगे। अभी जो ट्रेलर आया है, उसमें नजर आ रहा है कि नयनतारा और नागार्जुन के बीच जो रिश्ते रहे, वे कैसे थे? उनके पुराने रिश्ते की झलक इसमें नजर आई है। नयनतारा की इस डॉक्यूमेंट्री में उनके सफल फिल्मी करियर के बारे में विस्तार से दिखाया जाएगा।

उनके साथ काम करने वाले लोग नयनतारा के बारे में क्या सोचते हैं, इस पर उन लोगों के विचार भी दिखाए जाएंगे। सिर्फ फिल्मों और परिवार के बारे में ही नयनतारा की इस डॉक्यूमेंट्री में बात नहीं होगी। उनके और नागार्जुन के रिश्ते पर भी बात की जाएगी। साथ ही एक अभिनेत्री के रूप में किस तरह से नयनतारा ने संघर्ष किया, यह भी डॉक्यूमेंट्री में साझा किया जाएगा। अपनी डॉक्यूमेंट्री के बारे में नयनतारा कहती हैं, यह डॉक्यूमेंट्री फैंस के लिए मेरी तरफ से एक उपहार है। मैं उन्हें अपनी दुनिया से परिचित कराना चाहती हूं।